उज्जैन
बुधवार
11
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-100
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



रियलिटी शो में दिव्या अग्रवाल की शादी पर सनसनीखेज आरोप पति से अलग रहने का दावा

पेज- 8

## अजित पवार प्लेन क्रेश, भतीजे रोहित को साजिश की आशंका



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पिछले महीने विमान हादसे में उनके चाचा और महाराष्ट्र के डिप्टी उट अजित पवार की मौत में साजिश की आशंका है। उन्होंने इस मामले की एक्सपर्ट एजेंसियों से पूरी जांच की मांग की। एनसीपी के प्रमुख शरद पवार पहले इस हादसे में साजिश की बात खारिज कर चुके हैं। उन्होंने इसे दुर्घटना बताया था। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, रोहित पवार ने कैप्टन सुमित कपूर के रिकॉर्ड पर सवाल उठाए, जो 28 जनवरी को हादसे वाले दिन अजित का विमान उड़ा रहे थे।

## दिल्ली में मैनहोल में गिरकर मजदूर की मौत पूरी रात पड़ा रहा शव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में मंगलवार को खुले मैनहोल में गिरने से बिरजू कुमार राय (32) की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बिरजू मजदूरी करता था। उसकी लाश रोहिणी सेक्टर-32 में डीडीए की खुली जमीन में बने खुले मैनहोल से मिली। पुलिस ने बताया कि बिरजू के दोस्त अमीर हुसैन ने मंगलवार दोपहर 2.36 बजे घटना की जानकारी दी थी। बिरजू सोमवार शाम से लापता था। बिरजू के साथी बुधन दास ने बताया कि वह और बिरजू सोमवार रात शराब पीकर लौट रहे थे। इसी दौरान करीब सोमवार शाम 7.30 बजे बिरजू मैनहोल में गिरा था। पुलिस के मुताबिक घटना के दौरान बुधन ज्यादा नशे में था। उसने इसकी जानकारी किसी को नहीं दी। अगले दिन होश आने पर उसने अमीर को घटना के बारे में बताया।

## टी20 विश्व कप में वानिंदु हसरंगा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के बीच श्रीलंका क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। यह चोट उन्हें आयरलैंड के खिलाफ खेले गए शुरूआती मुकाबले के दौरान लगी थी। हसरंगा के बाहर होने से श्रीलंका की टीम को बड़ा नुकसान माना जा रहा है, क्योंकि वह टीम के सबसे भरोसेमंद गेंदबाज और अहम ऑलराउंडर खिलाड़ियों में शामिल हैं। 28 वर्षीय वानिंदु हसरंगा ने आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में शानदार प्रदर्शन किया था।

## जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी सेना ने गर्भवती महिला का रेस्क्यू किया

**श्रीनगर।** मौसम विभाग ने देश के किसी भी राज्य में बुधवार के लिए कोई अलर्ट नहीं जारी किया है। हालांकि, जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी का सिलसिला जारी है और पहाड़ी क्षेत्रों में ठंड बढ़ी हुई है। इसी बीच भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के तंगधार में फंसी एक गर्भवती महिला का रेस्क्यू किया। राजस्थान और मध्य प्रदेश में सुबह-शाम ठंड के बीच दिन का तापमान 30 डिग्री पार पहुंच रहा है, जबकि मध्य प्रदेश के 11 जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। राजस्थान और हरियाणा के कई जिलों में हल्की बारिश और बूंदाबादी हुई। हरियाणा के 13 शहरों में अधिकतम तापमान 25 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। पंजाब के लुधियाना और फरीदकोट में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहा। राज्य में 16 फरवरी से बारिश की संभावना है।

### केंद्र ने नई गाइडलाइन जारी की : जन गण मन से पहले बजेगा वंदे मातरम

# 3 मिनट 10 सेकेंड के राष्ट्रगीत के दौरान खड़े होना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार, अब जब वंदे मातरम किसी सरकारी कार्यक्रम, सरकारी स्कूलों के कार्यक्रमों या अन्य औपचारिक आयोजनों में बजाया जाएगा, तो उसके सम्मान में हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राष्ट्रगीत के रूप में वंदे मातरम का छह अंतरों वाला 3 मिनट और 10 सेकंड का संस्करण राष्ट्रगान जन गण मन के पहले बजाया जाएगा, ताकि सम्मान और राष्ट्रीय भावना का स्पष्ट संदेश मिले।

तिरंगा फहराने, कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्र के नाम उनके भाषणों और संबोधनों से पहले और बाद में, और राज्यपालों के आगमन और भाषणों से पहले और बाद में सहित कई आधिकारिक अवसरों पर वंदे मातरम बजेगा। सिविलियन पुरस्कार समारोहों, जैसे कि पद्म पुरस्कार समारोह या ऐसे किसी भी कार्यक्रम में जहां राष्ट्रपति उपस्थित हों, वहां भी वन्दे मातरम बजाया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केंद्र ने 28 जनवरी को गाइडलाइन जारी की थी। 10 पेजों के आदेश में, सरकार ने यह भी कहा कि अगर राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान को एक साथ गाया या बजाया जाता है, तो वंदे मातरम पहले बजाया जाएगा, और इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा।

## आज नामीबिया के खिलाफ अभिषेक का खेलना मुश्किल

### पेट की समस्या से जूझ रहे, बुमराह की वापसी तय, श्रीलंका के हसरंगा बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नामीबिया के खिलाफ भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा का खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। मंगलवार को मैच से दो दिन पहले दिल्ली में टीम इंडिया का पहला ट्रेनिंग सेशन हुआ, लेकिन अभिषेक मैदान पर दिखाई नहीं दिए। बताया जा रहा है कि वे पेट से जुड़ी समस्या से जूझ रहे हैं और अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं।



भारत को नामीबिया के खिलाफ 12 फरवरी को मुकाबला खेलना है। टीम के असिस्टेंट कोच रयान टेन डेशकाटे ने जानकारी दी कि अभिषेक को पेट में परेशानी है। टीम मैनेजमेंट भी उन्हें लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता। बुधवार को होने वाला अगला ट्रेनिंग सेशन उनकी मैच फिटनेस को लेकर अहम माना जा रहा है।

**बुमराह की वापसी तय-** इस बीच जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर राहत भरी खबर आई है। टेन डेशकाटे ने बताया कि बुमराह ने करीब 10 दिन बाद गेंदबाजी शुरू की है। वे पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं और उनकी मूवमेंट में भी सुधार दिखा है।

## राजस्थान में शादी से लौट रहे दोस्तों की कार टकराई, 6 मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दौसा

राजस्थान के दौसा में भीषण सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ये शादी-समारोह से घर लौट रहे थे।ओवरस्पीड कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी ओर से निकल रहे ट्रेलर में घुस गई। हादसा बीती देर रात करीब 11 बजे जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर कैलाई गांव के पास हुआ।

ट्रेलर में घुसी कार को क्रेन से अलग किया गया। इसके बाद कार में फंसे युवकों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। सिकंदरा अस्पताल में 4 युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, 2 गंभीर घायलों को दौसा जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक युवक ने दौसा में दम तोड़ दिया। जबकि एक युवक की इलाज के दौरान जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में मौत हो गई।



### सभी युवक एक ही गांव के रहने वाले

- हादसे में समय सिंह (25) पुत्र राम सिंह योगी, लोकेश (24) पुत्र गोवर्धन योगी, दिलखुश (24) पुत्र बनवारी योगी, मनीष (23) पुत्र हरिमोहन योगी, अंकित (26) पुत्र लालाराम बैरवा और नवीन (23) की मौत हो गई।
- पुलिस के अनुसार कार सवार सभी कालाखो (दौसा) गांव के रहने वाले हैं। वे मंगलवार को आभानेरी गांव में शादी-समारोह में शामिल होने गए थे।

## सीबीएसई 12वीं की एक करोड़ कॉपियां डिजिटली चैक होंगी

### 32 करोड़ पन्ने स्कैन करके अपलोड होंगे, 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक है बोर्ड एग्जाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इस बार सीबीएसई 12वीं के 17 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स की कॉपियां ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से जांची जाएंगी। मतलब ये कि इन्हें डिजिटल तरीके से जांचा जाएगा। सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक होनी है।

इसके लिए हर छात्र की सभी आंसर शीट्स (उत्तरपुस्तिका) के हर पन्ने को परीक्षा केंद्र में ही स्कैन करके कंप्यूटर सिस्टम में अपलोड किया जाएगा। करीब 1 करोड़ कॉपियों के लगभग 32 करोड़ पन्ने स्कैन करके अपलोड होंगे। परीक्षक इन डिजिटल कॉपियों की जांच करके ही नंबर देंगे। 10वीं बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों की चेकिंग पहले की तरह कागज पर ही होगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के मुताबिक इस नई व्यवस्था से उत्तर पुस्तिकाओं के ट्रांसपोर्ट में लगने वाला समय और खर्च बचेगा।

**पहला चरण:** छात्र परीक्षा केंद्र पर पहले की तरह कॉपी में उत्तर लिखेंगे। परीक्षा ऑफलाइन ही होगी। बोर्ड परीक्षा में विषय के हिसाब से 40 पेज, 32 पेज और 20 पेज की कॉपी का इस्तेमाल होता है।

**दूसरा चरण:** सभी उत्तर पुस्तिकाएं हाई सिक्योरिटी स्कैनिंग सेंटर में स्कैन होंगी। यह स्कूल के कंप्यूटर लैब में ही होगा। हर पेज की डिजिटल इमेज बनेगी। हर कॉपी को यूनिक कोड मिलेगा। कॉपी जांचते समय छात्र का नाम व रोल नंबर नहीं दिखेगा। इससे पक्षपात की संभावना खत्म होगी।

**तीसरा चरण:** सीबीएसई के स्कूल के टीचर कंप्यूटर लैब में ओएसिस आईडी से ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) पोर्टल पर लॉगइन करेंगे। तब उन्हें पता चलेगा कि आज उन्हें कितनी कॉपियां जांचनी हैं।

**चौथा चरण:** छात्र की कॉपी के स्कैन किए हुए पेज शिक्षक के सामने आएंगे। हर प्रश्न के लिए एक अलग मार्क्स कॉलम होगा, जिसमें उस प्रश्न के पूर्णांक (कुल मार्क्स) लिखे होंगे। शिक्षक उसमें छात्र के जवाब के हिसाब से जो भी मार्क डालेंगे, वह सिस्टम में अपने आप सेव हो जाएगा।

**पांचवां चरण:** जब कॉपी पूरी चेक हो जाएगी तो शिक्षक को अंकों का जोड़-घटाव नहीं करना है। टोटलिंग खुद होगी।

**छठा चरण:** कुछ कॉपियों को री-चेक या मॉडरेशन के लिए दूसरे वरिष्ठ परीक्षक को भी दिखाया जा सकता है। पूरा ट्रैक रिकॉर्ड सिस्टम में रहेगा कि किस शिक्षक ने कब कितनी देर में कैसे मूल्यांकन किया।

**सातवां चरण:** यहां से अंक सीधे सीबीएसई के रिजल्ट डेटाबेस में पहुंच जाएंगे यानी कोई मार्क ट्रांसफर, मैनुअल एंट्री और दोबारा सत्यापन की जरूरत नहीं होगी। रिजल्ट तय तारीख पर कम विवाद और ज्यादा भरोसे के साथ घोषित हो सकेंगे।

शिक्षक अपने स्कूल में रहते हुए ही मूल्यांकन कर सकेंगे, बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। मूल्यांकन को अधिक पारदर्शी, तेज और गलतीरहित बनाने के मकसद से बोर्ड ने यह प्रणाली लागू करने का फैसला लिया है।

## खेतों में बिजली पैदा करना चाहते हैं किसान लेकिन इनके आवेदन एक साल से धूल खा रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले सहित पूरे प्रदेश के 1000 से अधिक किसान अपने खेतों में बिजली पैदा करना चाहते हैं, इसके लिए लाखों रुपए खर्च कर खेत तैयार किए, दस्तावेजों की कमी पूरी की और प्रधानमंत्री कुसुम योजना-ए के तहत आवेदन किए। लेकिन इनके आवेदन एक साल से धूल खा रहे हैं। किसानों का कहना है कि उन्हें सोलर प्लांट लगवाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

### किसानों को दफ्तरों के चक्कर लगवाए जा रहे

किसानों का आरोप है कि शासन के नियमों के अनुरूप उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किए। फीस जमा की और जमीन को प्लांट लगाने के लिए तैयार भी कराया। इसमें कई रुपए खर्च किए गए। लेकिन ऊर्जा विकास निगम में एक साल से आवेदन पड़े हुए हैं। इन पर कोई विचार ही नहीं किया जा रहा है। किसानों को दफ्तरों के चक्कर लगवाए जा रहे। केंद्र सरकार की यह योजना किसानों की ऊर्जा की कमी की समस्या दूर कर सकती थी, लेकिन विभाग इसका लाभ दिलाने दिलचस्पी नहीं ले रहा।

जबकि उक्त योजना के तहत किसानों को 500 किलोवाट से लेकर 2 मेगावॉट क्षमता के सोलर प्लांट लगवाने की स्वीकृति दी जानी थी। उक्त योजना का लक्ष्य है कि किसान अपने उपयोग की बिजली सोलर प्लांटों के जरिए खुद बनाएं और उपयोग के बाद भी यदि बिजली बचती है तो उसे बेचकर लाभ कमाए। यही नहीं, केंद्र सरकार सोलर प्लांट के जरिए बिजली पैदा कर कोयला आधारित बिजली के खतरों को कम करने और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा भी देना चाहती है। वहीं किसानों के आरोप है कि अर्जा विकास निगम के अधिकारी उन्हें अनदेखा कर रहे हैं। जबकि कई बिल्डरों व उद्योगपतियों को लाभ दिए हैं। मप्र के एक बड़े समूह को 1500 मेगावॉट का प्रोजेक्ट दिया, लेकिन किसानों की सुनवाई नहीं हो रही है।



## खबर एक नजर...

### पवन चक्की सिक्युरिटी इंचार्ज से रंगदारी कर मांगे 50 लाख

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम कनासिया में पवन चक्की सिक्युरिटी इंचार्ज नितीश पिता सुभाषसिंह तोमर निवासी सिद्धार्थ नगर शाजापुर के साथ जीवन गुर्जर निवासी बगोदा और इंदर गुर्जर निवासी ग्राम छापरी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर 4 फरवरी की रात रंगदारी करते हुए 50 लाख की मांग की। दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर सिक्युरिटी इंचार्ज से मारपीट की और उनकी अनुमति बिना सिक्युरिटी का ठेका लेने पर धमकाया। सुभाषसिंह तोमर ने मामले की शिकयत आवेदन के माध्यम से तराना पुलिस को की। पुलिस ने जांच के पांच दिन बाद मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 119 (1), 296 बी, 115 (2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया के अनुसार दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ पूर्व में अपराधिक मामले दर्ज है। सिक्युरिटी इंचार्ज से रंगदारी करने के मामले में दोनों की तलाश की जा रही है। जिनकी गिरफ्तारी होने पर उसके साथियों के नाम सामने आ पायेगें।

### पताशी के पैसे मांगे पर हुआ दुकानदार और दंपति में विवाद

**उज्जैन।** ग्राम कनासिया तराना में ब्रजेन्द्र पिता रामरतन चौधरी निवासी ग्राम करमरा माधवगढ़ जालोन हाल मुकाम कनासिया पानी पतशी का ठेला लगाता है। शाम को उसकी दुकान पर तेजूलाल बागरी और उसकी पत्नी गीताबाई बागरी पुत्र राहुल के साथ पताशी खाने पहुंचे थे। तीनों ने पताशी खाई और बिना पैसे दिये जाने लगे। ब्रजेन्द्र ने पैसे मांगे तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। ब्रजेन्द्र ने भी अपने पैसे लेने के लिये उनके साथ गाली-गलौच करते हुए जाति सूचक शब्द कहे। मामला तराना थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

### पंचमपुरा मार्ग चौड़ीकरण में किसी को एक तो किसी को दो फीट के लिए भी नोटिस

**उज्जैन।** टैगोर चौराहा से दो तालाब तक (पंचमपुरा) मार्ग चौड़ीकरण के लिए नगर निगम की तरफ से भवन स्वामियों को नोटिस बंटना शुरू हो गए हैं। मार्ग विस्तार में 50 से अधिक भवन-प्रतिष्ठान ऐसे है जो कि एक-दो फीट ही प्रभावित हो रहे हैं। लिहाजा ये मांग उठने लगी है कि मार्ग के विस्तार में प्रस्तावित तीन फीट का डिवाइडर छोटा किया जाए ताकि ये लोग प्रभावित होने से बच सकेंगे। नए शहर का पंचमपुरा वाला ये मार्ग वर्तमान में सिंगल लेन व संकरा है। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से इसे करीब 60 फीट चौड़ा किया जाना है। निगम की तरफ से यहां रहवासियों को नोटिस जारी करने के साथ ही प्रभावित होने वाले भवन-प्रतिष्ठानों पर निशान भी लगा ?दिए हैं। रहवासियों का कहना है कि नोटिस में सात दिन में अपने भवन-दुकानों का प्रभावित हिस्सा स्वयं हटा लेने के लिए कहा गया है। यहां कई के केवल ओटले, कुछ के एक से दो फीट तक के हिस्से व गैलरी आदि इस विस्तार में प्रभावित हो रहे हैं। जनप्रतिनिधि व अधिकारी एक बार करे क्षेत्र का दौरा रहवासी चाहते हैं कि निगम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अधिकारी एक बार क्षेत्र का दौरा कर समाधान निकाले।

### कालिदास अकादमी में हुआ सिख समाज का समाज गौरव सम्मान समारोह

**उज्जैन।** समाज के सफल व्यक्तियों का सम्मान उनके उत्साह को बढ़ाता है और अन्य लोगों में प्रेरणा का संचार करता है। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. एस.के. सलूजा ने पंजाबी साहित्य अकादमी, भोपाल के सहयोग से सिख समाज उज्जैन द्वारा कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में आयोजित समाज-गौरव सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। शिक्षा के लिए डॉ. बलबीर सिंह मक्कड़, समाज सेवा में सुरजीत सिंह डंग एवं जसविंदर सिंह ठकराल, धर्मसेवा में अमृत कौर, उद्योग में चरणजीत सिंह कालरा, चिकित्सा में डॉ. राजदीप बग्गा एवं डॉ. मयूरी कालरा, शोध में डॉ. इमित सिंह सलूजा, कला में हरपाल सिंह चावला, विधि में जिगर सिंह छाबड़ा तथा राजनीति में पार्षद नीलम कालरा को सम्मान चिह्न, पट्टिका एवं सिख साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया।

# एक हजार योगप्रेमियों ने किया अनुलोम- विलोम






ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अलसुबह से ही नागझिरी स्थित होमगार्ड ग्राउण्ड पर चहल पहल नजर आ रही थी। सभी महिलाएं व युवतियां हाथों मे आसन व मेट लेकर ग्राउण्ड की ओर उत्साह से जा रही थीं। होमगार्ड मैदान पर रघु प्रेम सेवा फाउंडेशन व पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा दो दिवसीय योग प्रशिक्षण का निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग एक हजार लोगों ने योग के आसन सीखे। योगाचार्य सुषमा यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय योग शिविर में सुबह छः से आठ बजे तक हरिद्वार से पधारी बाबा रामदेव की शिष्या देवादिति देवी योग के महत्वपूर्ण आसन का प्रशिक्षण देंगी। आज शुभारंभ के अवसर पर पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती, उद्योगपति ईश्वर पटेल, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल व समाजसेवी चिकित्सक डॉ सलूजा उपस्थित रहे। देवादिती दीदी ने स्वस्थ रहने के लिए योग की महत्ता बताते हुए अनुलोम, विलोम व प्रारंभिक आसन सिखाए। योग को लेकर समाज मे जागरूकता लाने के निमित्त ऐसे शिविर देशभर में लगाए जा रहे हैं।

### हिन्द सेना का वैलेंटाइन डे पर देशभक्ति का जज्बा जगाने देशव्यापी अभियान

# पुलवामा शहीदों की बरसी पर देश भक्ति पूर्ण कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

राष्ट्रहित में समर्पित हिन्द सेना समाजसेवी संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य केंद्रीय मंत्रालय भारत सरकार मंगेश वैद्य के सशक्त निदेर्शानुसार,संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस वर्ष भी 14 फरवरी को पूरे देश में वेलेंटाइन डे के अवसर पर क्षेत्रवासियों में देशभक्ति का अलख जगाने हेतु भव्य एवं विविध कार्यक्रम आयोजित करेंगे। यह अभियान न केवल विदेशी संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाएगा, बल्कि हमारे वीर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम भी बनेगा।

हिन्द सेना राष्ट्रीय महामंत्री राजेश राठौर ने प्रेस व्यक्तव्य में बताया कि यह निर्णय पुलवामा हमले की छठी बरसी को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तान प्रायोजित घोषित आतंकवादियों द्वारा सीआरपीएफ के काफिले पर किए गए उस कायरता पूर्ण



बम विस्फोट ने 40 से अधिक वीर जवानों की शहाद हुई थी। इस वीभत्स और घृणित हमले ने असंख्य माताओं की गोद सूनी कर दीं, बहनों के सुहाग का सिंदूर मिटा दिया, बच्चों को अनाथ बना दिया और अनगिनत घरों के चिराग बुझा दिए। ये शहीद हमारे राष्ट्र रक्षक थे, जिन्होंने सीमाओं पर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, ताकि हम सुरक्षित रह सकें।

राष्ट्रीय महामंत्री राजेश राठौर ने आगे कहा,वेलेंटाइन डे जैसी पाश्चात्य संस्कृति को अपनाने के बजाय, हमें अपने देश,उसके वीर जवानों और उनके परिजनों के प्रति सच्चा प्रेम दिल से व्यक्त करना चाहिए। हिन्द सेना इस उद्देश्य से देश के प्रमुख शहरों, कस्बों और गांवों में सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम तक चलने वाले कार्यक्रम आयोजित करेगी। इनमें ट्राई कलर रैलियां, नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति गीत-संगीत, शहीदों पर आधारित वृत्तचित्र प्रदर्शन, जागरूकता सभाएं और शहीद परिवारों के सम्मान में दीप प्रज्वलन जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। देश के सभी प्रदेशों में संगठन के कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे,जबकि दिल्ली,मुंबई,कोलकाता,चेन्नई जैसे महानगरों में भी समन्वित कार्यक्रम होंगे। हिन्द सेना का यह अभियान पिछले वर्षों की भांति लाखों लोगों को जोड़ेगा और सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल होगा। संगठन का उद्देश्य युवाओं को देशभक्ति की प्रेरणा देना है, ताकि वे अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगाएं।

राष्ट्रीय महामंत्री राजेश राठौर ने क्षेत्रवासियों, युवाओं, महिलाओं और छात्रों से इन कार्यक्रमों में सर्पोट होकर बड़ी संख्या में उपस्थित होने की भावुक अपील की है। उन्होंने कहा आइए, हम सब मिलकर शहीदों के बलिदान को सार्थक बनाएं और देशभक्ति का संदेश हर घर तक पहुंचाएं।

### प्रावि देसाईनगर परिसर में बांध रहे मवेशी

# गंदगी के पास क्लास, दुर्गंध के बीच भोजन



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मप्र सरकार की सबसे प्राथमिकता वाले महर्षि सांदीपनि स्कूल में शामिल प्रावि स्कूल को कुछ लोगों ने मवेशियों का तबेला बना दिया। शहर के बीचोबीच संचालित हो रहे शासकीय प्रावि नूतन देसाई नगर के 136 बच्चों की गोबर व गंदगी के ढ़ेर के पास ही क्लास लगाना पड़ रही है। दुर्गंध के बीच ही उन्हें मध्याह्न भोजन करना पड़ रहा है।

खास बात यह हैं कि देसाईनगर वाला यह प्रावि स्कूल महर्षि सांदीपनि जाल सेवा निकेतन उमावि में शामिल है। शहर के बीचोबीच बने इस स्कूल में पिछले 6 माह से कुछ लोग मवेशी रोक रहे है। अतिक्रमणकर्ताओं ने पास में बने खंडहर व स्कूल भवन के बीच पुलिस के बैरिकेड्स बांधकर मवेशियों का अघोषित तबेला बना लिया। रात में यहां मवेशियों को छोड़ दिया जाता है और सुबह होते ही बाहर निकाल दिया जाता है। 5 शिक्षकों के स्टॉफ वाले इस स्कूल के परिसर में जबरन बनाए गए तबेले को लेकर विभाग ने भी ध्यान देना उचित नहीं समझा। अतिक्रमणकताओं की धौंस ऐसी हैं कि स्टॉफ सदस्यों ने भी मवेशियों रोकने वालों के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत नहीं जुटाई। स्कूल परिसर शरारती तत्वों का अड्डा, आए दिन शराब पार्टी नूतन देसाई नगर स्कूल परिसर शरारती तत्वों को अड्डा भी है। यहां गेट नहीं होने के कारण रात में शरारती तत्व घूस जाते है।

### 15 दिन से नहीं मिल रहा पानी, मक्सी रोड पर किया प्रदर्शन

# शंकरपुर में जल संकट, रहवासियों ने किया चक्काजाम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शंकरपुर क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे रहवासियों ने मंगलवार दोपहर चक्काजाम कर दिया। मक्सी रोड पर हुए प्रदर्शन के कारण यातायात बाधित हुआ। निवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ।

स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र के नलों में कई दिनों से पानी नहीं आ रहा है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को खासी परेशानी हो रही है। उन्हें दूर-दराज के इलाकों से पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। चक्काजाम के कारण



मक्सी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भी असुविधा हुई।

सूचना मिलने पर पुलिस और नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि नियमित जल आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो वे अपना आंदोलन और उग्र करेंगे।

मामले में जल कार्य प्रभारी प्रकाश शर्मा ने बताया कि दो साल पहले शंकरपुर क्षेत्र में दो पानी की टंकियों के लिए भूमि पूजन किया गया था और काम भी शुरू हो गया था। हालांकि, अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका।

शर्मा ने आगे बताया कि संबंधित कंपनी बैंक गारंटी में डिफॉल्ट कर गई थी, जिसके बाद आयुक्त स्तर से ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव आया। यह ठेका करीब 32 करोड़ रुपए का था, जो अहमदाबाद की तीर्थ गोपिकान कंपनी को दिया गया था। उन्होंने स्वीकार किया कि काम अत्यंत आवश्यक है और निरस्त ठेके के बाद दोबारा निविदा निकालकर शेष कार्य जल्द पूरा किया जाना चाहिए, लेकिन प्रस्ताव को चार महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

उज्जैन
बुधवार
11
फरवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

ये वदन्तीह सत्यानि प्राणत्यागेऽप्युपस्थिते।
प्रमाणभूता भूतानां दुर्गाण्यतितरन्ति ते॥

**अर्थः** प्राणत्याग की परिस्थिति में भी जो सत्य बोलता है, वह प्राणियों में प्रमाणभूत है। वह संकट पार कर जाता है।

## खबर एक नजर...

### विजयनगर में चाकूबाजी, युवक की मौत

**इंदौर।** इंदौर के विजयनगर क्षेत्र में मंगलवार रात चाकूबाजी की घटना हुई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना आर्बिट मॉल के पास की है। मंगलवार देर रात गोलू चंद्रवंशी, निवासी भूसामंडी, पर तीन से चार बदमाशों ने नशे की हालत में चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में उसे मेंदाता अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि गोलू पीयू-4 इलाके में काम करता था। सूचना मिलने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इस मामले में कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार हमले में गोलू का दोस्त हरिओम भी घायल हुआ है। गोलू के परिवार के मुताबिक, उसके एक दोस्त ने उसे मिलने के लिए बुलाया था। उस दोस्त का किसी से विवाद हो गया था। जब गोलू मौके पर पहुंचा, तो दो लड़कों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में गोलू के पेट में गंभीर चोट आई। गोलू के परिवार में उसके माता-पिता और एक भाई हैं। वह पेशे से बाउंसर था। हाल ही में उसने पीयू-4 इलाके में एक कैफे का काम भी शुरू किया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इंदौर ननि के एआरओ परमार की 1.06 करोड़ की संपत्तियां अटैच

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम में पदस्थ सहायक राजस्व अधिकारी (एआरओ) राजेश परमार की आय से अधिक संपत्ति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी के इंदौर सब-जोनल कार्यालय ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत परमार और उनके परिवार के नाम दर्ज 1.06 करोड़ रुपए कीमत की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। इनमें एक आवासीय मकान, प्लॉट, फ्लैट और कृषि भूमि शामिल हैं। ईडी ने जांच ईओडब्ल्यू, भोपाल की एफआईआर के आधार पर शुरू की थी, जिसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज है। जांच में सामने आया कि 2007 से 2022 के बीच परमार ने करीब 1.66 करोड़ रुपए की संपत्तियां अर्जित कीं, जो उनकी ज्ञात आय से लगभग 175 प्रतिशत अधिक हैं। इस अवधि में संदिग्ध अपराध से अर्जित आय को 1.21 करोड़ रुपए आंका गया है। ईडी के अनुसार संपत्तियों की खरीद में इस्तेमाल धन का कोई वैध स्त्रोत अधिकारी प्रस्तुत नहीं कर सके।

**कैश डिपॉजिट और बैंक ट्रांसफर से छुपाया धन** : ईडी जांच में सामने आया कि अवैध गतिविधियों से अर्जित रकम पहले बड़ी मात्रा में नकद के रूप में राजेश परमार और उनके परिवार के बैंक खातों में जमा की गई। इसके बाद बैंक ट्रांसफर के जरिए इस धन का इस्तेमाल अलग-अलग अचल संपत्तियां खरीदने में किया गया। एजेंसी का दावा है कि इस प्रक्रिया से धन के वास्तविक स्त्रोत को छुपाने की कोशिश की गई।

### महू इन्फेंट्री के कम्प्यूटर ऑपरेटर की मौत

**इंदौर।** इंदौर के एमजी रोड इलाके में मंगलवार को महू के इन्फेंट्री के कम्प्यूटर ऑपरेटर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह नंदलाल पुरा इलाके में बच्चों के लिए कच्चे फिंगर खरीद रहे थे। इसी दौरान गश खाकर गिर गए। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार करीब साढ़े तीन बजे की है। अतीफ (52) पुत्र वाहिद निवासी नयापुरा नंदलालपुरा राहुल जैन की सेहत पापड़ दुकान से फिंगर खरीद रहे थे। इस दौरान वह गश खाकर गिर गए। वहां मौजूद लोगों ने डॉयल 112 पर सूचना की। पुलिस अपनी गाड़ी से उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची। यहां डॉक्टरों ने उसे चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में परिवार को सूचना दी है।

### 18 करोड़ की योजना पर राजनीतिक घमासान, क्षमता 108 की रह रहे चार बुजुर्ग

# सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट स्नेहधाम में बुजुर्गों को बेदखली नोटिस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

आईडीए द्वारा बुजुर्गों के सम्मानजनक जीवन के लिए शुरू किया गया स्नेहधाम अब राजनीतिक विवाद के केंद्र में आ गया है। जिस परियोजना का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 25 जून 2025 को बुजुर्गों के लिए बड़ा सामाजिक कदम बताया था, उसी स्नेहधाम में रह रहे चार बुजुर्गों को कॉन्ट्रैक्टर ने परिसर खाली करने का नोटिस थमा दिया है। इस घटनाक्रम ने न केवल बुजुर्गों को सदमे में डाल दिया है, बल्कि सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।



**28 फरवरी तक खाली करने का नोटिस-** आईडीए ने स्नेहधाम के संचालन की जिम्मेदारी बालाजी सेंटेला होम्स प्राइवेट लिमिटेड को दी है। कंपनी ने 70 से 90 वर्ष आयु के चार बुजुर्गों को 28 फरवरी तक परिसर खाली करने का नोटिस दिया है। अचानक मिले नोटिस से बुजुर्गों में चिंता और असुरक्षा का माहौल है। समाजसेवियों ने इसे संवेदनहीनता बताते हुए कहा कि जिन्हें सुरक्षित भविष्य का भरोसा देकर बसाया गया, उन्हें अब दर-दर भटकने पर मजबूर किया जा रहा है। कॉन्ट्रैक्टर का कहना है कि स्नेहधाम की क्षमता 108 वरिष्ठ नागरिकों की है, लेकिन फिलहाल केवल चार बुजुर्ग रह रहे हैं, जिससे संचालन आर्थिक रूप से संभव नहीं है। दूसरी ओर, आईडीए ने कॉन्ट्रैक्टर को ब्लैकलिस्ट करने और अर्नेस्ट मनी जब्त करने की चेतावनी दी है। आईडीए का कहना है कि यदि मौजूदा कंपनी संचालन नहीं करती, तो किसी अन्य एनजीओ को जिम्मेदारी दी जाएगी।

### एक महीने में घर खाली करना किस नीति का हिस्सा?

9 जनवरी को समाजसेवी संजय अग्रवाल के साथ कुछ लोग स्नेहधाम पहुंचे तो बुजुर्गों की स्थिति सामने आई। यहां रह रही रिटायर्ड प्रिंसिपल अनुराधा जैन ने बताया कि रहने के लिए उनसे दो लाख रुपए सिक्योरिटी और 35 हजार रुपए मासिक शुल्क लिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना किसी लिखित एग्रीमेंट के एक महीने में घर खाली करने का नोटिस देना किस नीति का हिस्सा है। जैन ने कहा कि स्नेहधाम का प्रचार-प्रसार नहीं होने से लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं है। उन्होंने शुल्क कम करने और सोशल मीडिया व मीडिया के माध्यम से प्रचार की मांग की, ताकि अधिक बुजुर्ग यहां आ सकें।

- **आठ महीने में नहीं मनाया कोई त्योहार-** स्नेहधाम में रह रहे बुजुर्गों ने सुविधाओं की कमी पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि आठ महीने में कोई त्योहार नहीं मनाया गया और न ही विशेष भोजन दिया गया। उनका मानना है कि अधिक बुजुर्ग आने से सामुदायिक माहौल बनेगा और अकेलेपन की समस्या कम होगी।
- **करोड़ों का प्रोजेक्ट बनाकर छोड़ दिया-** बुजुर्गों ने आरोप लगाया कि अधिक शुल्क के कारण परियोजना खाली पड़ी है। उनका कहना है कि उन्होंने अपने मकान किराए पर देकर यहां शिफ्ट किया था, अब अचानक नोटिस मिलने से वे असहाय महसूस कर रहे हैं। एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा, 75 साल की उम्र में अब लौटने के लिए मेरे पास कुछ नहीं बचा है।
- **18 करोड़ की लागत, 32 फ्लैट खाली-** आईडीए ने स्कीम-134 में 20 हजार वर्गफीट जमीन पर 18 करोड़ रुपए की लागत से छह मंजिला स्नेहधाम बनाया है, जिसमें 32 फ्लैट और भोजन, स्वास्थ्य, बिजली, टीवी व लॉन्ड्री जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन महंगे शुल्क और प्रचार की कमी के कारण यहां केवल चार बुजुर्ग ही रह रहे हैं।
- **हाईकोर्ट जाने की चेतावनी-** वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि महंगे शुल्क के कारण परियोजना विफल हो रही है और बुजुर्गों को बेदखली नोटिस देना अमानवीय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बुजुर्गों की सुनवाई नहीं हुई तो हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

# ईओडब्ल्यू में ही 10 केस दर्ज, 12 जांच में

### 14 महीने में 41 करोड़ के लोन घोटाले 100 करोड़ तक पहुंच सकता है आंकड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

राष्ट्रीयकृत बैंकों में आम आदमी के लिए लोन लेना जहां आज भी कठिन प्रक्रिया है, वहीं बैंक मैनेजर और स्टाफ ने कमीशन के लालच में धोखेबाजों के साथ मिलकर ऐसे लोन बांट दिए, जिनकी वसूली संभव ही नहीं है। गिरवी रखी गई संपत्तियों की जांच जब रीजनल मैनेजर स्तर पर हुई तो फजीवाड़े की परतें खुलती चली गईं।

इसके बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) को शिकायतें भेजी गईं और बीते 14 महीनों में 10 बैंक लोन घोटालों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन मामलों में कुल 41 करोड़ 33 लाख रुपए की धोखाधड़ी हो चुकी है।

जांच एजेंसियों का आकलन है कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, यह राशि 100 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। चौंकाने वाली बात यह है कि अधिकांश मामलों में शाखा प्रबंधक ही घोटालों के मास्टरमाइंड निकले हैं।




ईओडब्ल्यू के पास बैंक लोन फ्रॉड से जुड़े एक दर्जन से अधिक मामले विचाराधीन हैं। इनमें बिना गारंटी लोन, फर्जी वैल्यूशन, बिक चुकी संपत्तियों को गिरवी दिखाने जैसी शिकायतें शामिल हैं। जांच के दायरे में सहकारी साख संस्थाएं, को-ऑपरेटिव, निजी सेक्टर और राष्ट्रीयकृत बैंक भी हैं। केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर के उप महाप्रबंधक आनंद शिवानंद तोतड़ की शिकायत पर जांच हुई। चंद्रशेखर पचोरी ने मे. आर. शिवम एंड कंपनी के नाम से 40 लाख का लोन लिया। राममोहन अग्रवाल को को-ऑब्लिगेंट बनाकर संपत्ति गिरवी दर्शाई। जिस प्लॉट को निर्विवाद बताया वहां इमारत थी और फ्लैट बिक चुके थे। पचोरी व अग्रवाल सहित तत्कालीन शाखा प्रबंधक रजतिन गुप्ता सहित अन्य पर केस दर्ज किया। नेहा तांबी, मनीष तांबी ने कैनरा बैंक से 2 करोड़ 56 लाख रुपए का लोन बैंक अफसरों के साथ मिलकर हासिल कर लिया था। शाखा प्रबंधक पवनकुमार झा द्वारा स्थल निरीक्षण की गलत रिपोर्ट मिलने के बावजूद लोन स्वीकृत कर दिया था। जो संपत्ति गिरवी रखी गई थी, वह पहले ही बेची जा चुकी थी। पैनल एडवोकेट ने भी इस गलती को छुपाया। बैंक ने वसूली का प्रयास किया तो जमीन मालिक ही दूसरा निकला।

## लूटकांड में दो सिपाही गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र में व्यापारी से लूट के मामले में मंगलवार सुबह दो सिपाहियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों से कुछ नकदी जब्त की है। चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से एक को रिमांड पर लिया गया और तीन को जिला जेल भेज दिया गया। एसीपी तुषार सिंह ने अब्दुल फहद की शिकायत पर सोहेल और नावेद के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कराया था। एफआईआर में दो अन्य साथियों के शामिल होने का जिक्र किया गया था।

**नावेद का रिमांड, तीन आरोपी जेल भेजे गए-** मंगलवार को मनोज और अविनाश की भी गिरफ्तारी की गई। चारों को कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने नावेद को रिमांड पर सौंपा, जबकि सोहेल, मनोज और अविनाश को जिला जेल भेज दिया गया।

**वारदात के बाद ड्यूटी से गैरहाजिर थे दोनों -** मनोज को पूर्व में पत्नी की शिकायत पर डीसीपी ने कार्यालय से संबद्ध किया था। अविनाश श्रीनगर बीट में पदस्थ था। घटना के बाद दोनों अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। पुलिस अधिकारियों ने दर्ज प्रकरण में चारों के शामिल होने की बात लिखी थी। मामले की जांच जारी है।

**आरोपियों से नकदी जब्त-** पुलिस ने मनोज और अविनाश से लूटी गई दो लाख रुपए की राशि में से कुछ रकम जब्त की है। परिवार को सूचना दे दी गई है। जमानत पर कोई बहस नहीं हुई। बुधवार को सेशन कोर्ट में अपील की संभावना जताई गई है।

# बैंककर्मी की खुदकुशी : पत्नी के आरोप- नमकीन कारोबारी ने लोन में फंसाया

## पैसा बेटी की कंपनी में लगाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक में मैनेजर हेमंत ब्रह्मवंशी की खुदकुशी में मंगलवार को नया खुलासा हुआ। चर्चा में हेमंत की पत्नी हेमलता उर्फ ममता ने आरोप लगाया कि पति को बैंक लोन के जंजाल में नमकीन कारोबारी उमेश जाजू ने फंसाया है। इधर, पुलिस मर्ग कायम कर मामले में जांच कर रही है।

हेमलता के आरोप हैं कि पति हेमंत उमेश की दुकान पर नमकीन लेने जाते थे। इसी दौरान उनकी दोस्ती हो गई। दोस्ती गहरी होने पर उमेश जाजू से पति हेमंत ने अपनी बीमारी का जिक्र करते हुए किडनी ट्रांसप्लांट करवाने को लेकर चर्चा की।



इस पर उमेश ने उन्हें सलाह दी कि किडनी ट्रांसप्लांट में 40 लाख से ज्यादा का खर्च आता है, इसके लिए काफी पैसा लगता है। उमेश ने पति को सलाह दी कि वे स्कीम 54 स्थित मकान बैंक में गिरवी रख 2 करोड़ का लोन ले लें। जब लोन का पैसा आ जाएगा तो उस पैसे को राजस्थान में बेटी (उमेश की) की कंपनी में लगा देंगे।

उसके बाद कुछ ही समय में 10 से 15 करोड़ का रिटर्न आपको मिल जाएगा। उससे आप अपना मकान भी छुड़वा लेना और अन्य प्रॉपर्टी व गाड़ी-बंगले ले लेना। उमेश की बातों में आकर पति ने लोन ले लिया। लोन के रुपए भी बिना हमारी जानकारी के जाजू के कहने पर लगा दिए।

### घर, दुकान व खेती की जमीन भी बिकवा दी

हेमलता का आरोप है कि उमेश 2 करोड़ के लोन में जमानतदार भी है। कोर्ट से जो कुर्की का आदेश निकला है, उसमें उमेश की बेटी व उमेश का भी नाम है। लोन के 2 करोड़ रुपए के अलावा उमेश के कहने पर पति ने मेरे सोने के जेवर भी गिरवी रखवा दिए। राऊ का करोड़ों का मकान भी 40 लाख में बिकवा दिया। कस्तूरी सभाग्रह की दुकान, जो रजत जयंती कॉम्प्लेक्स में थी, उसे भी बिकवा दिया। खेती की जमीन भी बिकवा दी। लोन चुकाने के लिए बैंक के नोटिस, किडनी की बीमारी में डायलिसिस की चिंता व उमेश द्वारा कोई सहयोग नहीं किए जाने से पति तनाव में आ गए और जान दे दी।

हेमंत से परिचय था, लेकिन परिवार ने जो आरोप लगाए, वे गलत हैं

हेमंत से मेरा परिचय था, लेकिन मुझ पर उनका परिवार जो भी आरोप लगा रहा है, वे गलत हैं।

**- उमेश जाजू**

**हर बिंदु पर कर रहे जांच-** बैंककर्मी हेमंत ब्रह्मवंशी की आत्महत्या में हर बिंदु पर जांच की जा रही है। पत्नी व परिवार के सदस्यों के बयान नहीं हुए हैं। महाराष्ट्र बैंक के अधिकारियों ने कोर्ट के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई करने का पक्ष रखा है। पत्नी ने यदि किसी पर आरोप लगाए हैं तो हम उसकी भी गंभीरता से जांच करेंगे। फिलहाल मर्ग कायम है।

**- चंद्रकांत पटेल, टीआई, विजय नगर**

## विज्ञान लोकतांत्रिक प्रणाली में विश्वास करता है : प्रो. ब्रजेश पारे

# माधव कॉलेज में ग्लोबल वूमन ब्रेकफास्ट-2026 पर सिंपोजियम आयोजित, धारणीय विकास पर जोर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय में ग्लोबल वूमन ब्रेकफास्ट-2026 दिवस के अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी (सिंपोजियम) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान के लोकतांत्रिक स्वरूप और महिला वैज्ञानिकों की भूमिका पर गहन चर्चा हुई।

मुख्य वक्ता शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष और प्रख्यात रसायन शास्त्री प्रो. ब्रजेश पारे ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि, ॡविज्ञान लोकतांत्रिक प्रणाली में विश्वास करता है। प्रयोगशाला में सब लोग अलग-अलग काम करते हैं, लेकिन सबका उद्देश्य समान होता है। आपसी संवाद और समन्वय से कार्य किया जाता है। विज्ञान इसलिए प्रगति कर रहा है क्योंकि इसमें विभिन्न आवाजों को महत्व दिया जाता है और सब लोग मानवता के कल्याण के लिए मिलकर काम करते हैं।




प्राचार्या प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में ग्लोबल वूमन ब्रेकफास्ट की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी शुरूआत एक कॉफी हाउस में 7 महिला वैज्ञानिकों द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि हमें इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और विज्ञान के संबंध में विश्व भर से जो आवाजें आ रही हैं, उन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि समस्याओं का समाधान करने के लिए पुरुष और महिला वैज्ञानिकों को मिलकर कार्य करना चाहिए।

रसायन विज्ञान विषय की विदुषी डॉ. प्रेरणा मनाना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास विनाश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वूमन ब्रेकफास्ट धारणीय विकास (नेजंपदंइसम क्मअमसवचउमदज) के लक्ष्य को सामने रखकर कार्य कर रहा है और रसायन विज्ञान ने कोविड के दौर में तथा फसल की उपज बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहायता की है।

सहायक प्राध्यापक डॉ. सरबजोत कौर ने कहा कि आज दुनिया भर के वैज्ञानिक इस बात के लिए जुड़े हैं कि विज्ञान का मानवता के लिए उपयोग कैसे करें। उन्होंने युवा महिला वैज्ञानिकों के प्रोत्साहन की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि एक अकेला दृष्टिकोण विश्व चुनौतियों का सामना नहीं कर सकता, इसलिए विविध आवाजों की बात हो रही है। उन्होंने प्रसिद्ध वैज्ञानिक मेरी क्यूरी के समर्पण का उदाहरण भी दिया।

कार्यक्रम का आयोजन माधव कॉलेज के विज्ञान संकाय एवं आंतरिक गुणवत्ता सेल द्वारा किया गया। संगोष्ठी का संयोजन प्रो. अजीता केलवा ने किया, संचालन डॉ. मनीष कुमार शर्मा ने किया और आभार प्रो. प्रमोद कुमार मालवीय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बी एस अखण्ड, छात्र संघ प्रभारी डॉ. जफर महमूद, डॉ. दिनेश जोशी, प्रो. सादिक मंसूरी, प्रो. दिनेश कुमार वर्मा, प्रो. धीरज सारोठिया सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### एआई का विवेकपूर्ण उपयोग ही समाज को देगा सकारात्मक दिशाः डॉ. प्रशांत पुराणिक

उज्जैन। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिकी एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा ॡसेफर इंटरनेट डे-2026ॢ के अवसर पर ॡस्मार्ट टेक, सेफ चॉइसेस - एक्सप्लोरिंग द सेफ एंड रिस्पॉन्सिबल यूज ऑफ ए.आई.ॢ विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि एआई आज के युग की आवश्यकता है, किंतु इसका विवेकपूर्ण उपयोग ही समाज को सकारात्मक दिशा दे सकता है।

## खबर एक नजर...

### दशहरा मैदान में जड़ी-बूटियों के 225 स्टॉल लगाएंगे



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दशहरा मैदान में पहली बार महाकाल वन मेला 11 से 16 फरवरी तक लगेगा। वन विभाग, मप्र राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ की अगुवाई में मेले में वन विभाग की ओर से 225 से स्टॉल लगाए जाएंगे। जिला वनोपज सहकारी यूनियन, प्राथमिक लघु वनोपज समितियों, वन धन केंद्रों, जड़ी-बूटी संग्राहक, आयुर्वेदिक औषधि निमार्ता, परंपरागत भोजन सामग्री के निर्माण व विक्रेता अपने उत्पाद विक्रय के लिए लाएंगे। महाकाल मंदिर से निःशुल्क बस, ई-रिक्शा और बुजुर्गों के लिए गोल्फ कार्ट की सुविधा भी मिलेगी। डीएफओ अनुराग तिवारी के अनुसार स्थानीय वन उपज को बढ़ावा देने और आमजन को प्राकृतिक उपचार से जोड़ने के उद्देश्य से मेला लगाया जाएगा। इसमें फूड जोन में वन विभाग के बांधवगढ़ से गोंडी व्यंजन, छिंदवाड़ा से वन भोज रसोई, आलीराजपुर से दाल पानिया के स्टॉल भी रहेंगे।

### आईजी गुप्ता के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था का मॉडल शहर बनेगा उज्जैन : डॉ. हितेश दिल्लीवाल

**उज्जैन।** ऑल इंडिया डेंटल सर्जन एवं स्टूडेंट संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. हितेश दिल्लीवाल ने नवागत आईजी राकेश गुप्ता से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ. दिल्लीवाल ने कहा कि राकेश गुप्ता का उज्जैन आगमन संभाग के लिए सशक्त नेतृत्व और दृढ़ प्रशासन का प्रतीक है। उनका अनुभव, निर्णय क्षमता और अनुशासनप्रिय कार्यशैली आने वाले समय में उज्जैन को कानून-व्यवस्था का मॉडल शहर बनाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि समाज के प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक को उनसे सकारात्मक परिवर्तन की आशा है।

# पुरातत्व धरोहर पीर मत्स्येंद्रनाथ समाधि स्थल पर अवैध निर्माण की कोशिश

### मनोहर गहलोत और पार्षद भूरू गहलोत के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, निर्माण सामग्री जप्त करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ढ़कालिका वन क्षेत्र स्थित शिप्रा तट के निकट सिद्ध क्षेत्र पीर मत्स्येंद्रनाथ समाधि स्थल पर अवैध निर्माण की सुगबुगाहट तेज हो गई है। यह स्थल पुरातत्व विभाग का संरक्षित स्मारक है, इसके बावजूद यहां अवैध रूप से निर्माण सामग्री डाली जा रही है।

मंगलवार को पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोहर गहलोत और क्षेत्रीय पार्षद हेमंत (भूरू) गहलोत के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को शिकायत दर्ज कराई।

ज्ञापन में बताया गया कि समाधि स्थल पर पहले से टीन शेड लगा हुआ है, लेकिन अब कुछ लोगों द्वारा वहां भवन निर्माण सामग्री और नए टीन शेड डाल दिए गए हैं। आशंका है कि बिना किसी सक्षम अनुमति के यहां मनमाने ढंग से पक्का निर्माण किया जाएगा, जिससे ऐतिहासिक धरोहर के मूल स्वरूप के साथ छेड़छाड़ होगी और श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की है कि संरक्षित स्मारक क्षेत्र में हो रहे इस अवैध निर्माण को समय रहते रोका जाए और मौके से सामग्री हटवाई जाए। आवेदन देने वालों में प्रमुख रूप से किशोर कुमार भारती, सुमित बिरथरे, सुमित कालिया, मनोहर, गोपाल, लक्की सिसौदिया और प्रेम शामिल थे।

## 20 दिन में दूसरी बार महाकाल के दरबार पहुंचे सुनील शेट्टीः

# बेटे अहान शेट्टी की फिल्म की सफलता पर बाबा महाकाल का जताया आभार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अभिनेता सुनील शेट्टी ने आज उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने अपने बेटे अहान शेट्टी की फिल्म ॡबॉर्डर 2ॢ की सफलता के लिए बाबा महाकाल का आभार व्यक्त किया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी और उप प्रशासक सिम्मी यादव ने अभिनेता का स्वागत एवं सम्मान किया।



सुनील शेट्टी इससे पहले 21 जनवरी को अपने परिवार के साथ महाकालेश्वर मंदिर आए थे। उस समय उन्होंने परिवार की खुशहाली, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की थी। उन्होंने यह भी बताया था कि अहान की फिल्म ॡबॉर्डर-2ॢ देश के जवानों को समर्पित है और इसकी सफलता के लिए उन्होंने बाबा महाकाल से आशीर्वाद मांगा था।

फिल्म को मिल रही सफलता के बाद सुनील शेट्टी दोबारा महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि वे 20 दिनों के भीतर दोबारा यहां आएंगे।

उन्होंने कहा कि सभी के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है और 'बॉर्डर' फिल्म की अच्छी सफलता के लिए भी आभार व्यक्त करने आए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे हमेशा बाबा के चरणों में माथा टेकने आते रहेंगे और सही काम करते रहें, यही उनकी कामना है।

# सिंधी समाज माधव नगर एवं आर.एल. बिरादरी का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न

### सिंहस्थ सलाहकार समिति सदस्य महेश परियानी सम्मानित, झूमे लोग, प्रतियोगिताओं और हाउजी ने जमाया रंग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंधी समाज माधव नगर एवं आर.एल. (लाड़काना) बिरादरी द्वारा परमेश्वरी गार्डन में भव्य एवं शानदार नववर्ष पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दिन भर चले इस आयोजन में समाज के लोगों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12:00 बजे दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसका शुभारंभ अध्यक्ष रमेश गजरानी, संयोजक जवाहर जयसिंघानी, अशोक चावला, महासचिव महेश गंगवानी, सचिव राजकुमार परसवानी, संगठन सचिव दीपक बेलानी, कोषाध्यक्ष जवाहर सनमुखानी, तुलसीदास राजवानी, विजय भागचंदानी, पुरुषोत्तम रायसिंघानी, विशाल चंदनानी, सुरेश सनमुखानी, चतरु वसनानी, चिमन दास लखानी और वासुदेव खत्री ने किया।

### प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साह

समारोह की शुरूआत महिलाओं, बच्चों और पुरुषों की चेयर रेस से हुई। इसके पश्चात बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता हुई जिसमें बाल कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। ॡधुन पहचानोॢ संगीत कार्यक्रम ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। हाई टी के बाद कपल्स (दंपति) प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसे 45 वर्ष से अधिक और 45 वर्ष से कम आयु वर्ग में बांटा गया था। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शाम 5:00 बजे हाउजी का शानदार आयोजन हुआ।

### महेश परियानी का हुआ विशेष सम्मान

कार्यक्रम के दौरान सिंधी समाज के गौरव एवं वरिष्ठ समाजसेवी महेश परियानी का विशेष सम्मान किया गया। उन्हें मध्य प्रदेश शासन द्वारा सिंहस्थ सलाहकार समिति में सम्मिलित किए जाने पर समाजजनों ने शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

**इनका रहा विशेष सहयोग-** इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में महेश परियानी, सिलिकॉन सिटी, गोपाला डेरी, ओंकार होम्स, किड्ढ प्ले स्कूल, हुंडई शोरूम, ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज, विनायक ट्रेडर्स (लाल किला चावल), सुभाष हार्डवेयर, धनलक्ष्मी स्टील, श्री साईं फैब्रिक, शहनाई साड़ी, रमेश मेडिकल स्टोर, कृष गिफ्ट गैलरी, पानेरी फैशन और कोमल साड़ी का विशेष सहयोग रहा।

**गणमान्य नागरिकों की रही उपस्थिति-** कार्यक्रम में सुनील खत्री, प्रताप रोहरा, रमेश सामदानी, श्रीकांत माखीजानी, राजू राजवानी, किशोर मुलानी, कमल शहलानी, गोपाल राचवानी, महेश कुकरेजा, महेश उत्तमानी, अशोक उत्तमानी, रामचंद्र झामनानी, श्याम लाल करमचंदानी और होत चंद सेठिया विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

## खबर एक नजर...

### राधा-कृष्ण के स्वरूपों संग खेली फूलों की होली, फाग उत्सव में थिरके श्रद्धालु

**उज्जैन।** श्री वल्लभ वैष्णव सेवा मंडल द्वारा एक निजी गार्डन में भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया गया। मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर एवं अध्यक्ष आनंद पुरोहित के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम संयोजक दीपक राजवानी एवं योगेश नीमा ने बताया कि उत्सव के दौरान मीना पुरोहित एवं सारिका नीमा ने राधा-कृष्ण का स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। सैकड़ो महिला-पुरुषों ने राधा-कृष्ण के इन स्वरूपों के संग होली के गीतों पर नृत्य किया और जमकर फूलों की होली (पुष्प वर्षा) खेली। फाग उत्सव के अंत में गुलाल और रंगों से जुड़े विशेष गेम्स का आयोजन किया गया। इसमें 'गुलाल के रंग ढूंढो' और 'पत्नी के गालों पर अलग-अलग टीका लगाओ' प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जिन प्रतिभागियों ने अपनी पत्नी के गालों और हाथों पर सबसे ज्यादा टीके लगाए, उन्हें पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर रविंद्र मूले, सुदेश नीमा, पवन त्रिपाठी, विजय जोशी, प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र शाह, सुभाष सोनी, अरुण मोणे, संगीता नागर, पारूल शाह, हर्षा शाह सहित बड़ी संख्या में वैष्णव जन उपस्थित थे।

### मां नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर बंशीलाल राठौर का किया भव्य अभिनंदन स्वागत

**उज्जैन।** बंशीलाल राठौर पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत उज्जैन और मानसिंह मीणा द्वारा मां नर्मदा नदी की 4000 किलोमीटर की परिक्रमा ( पदयात्रा) 108 दिन में पूर्ण कर अपने गांव मुंजाखेड़ी आने पर रमेश चंद्र सूर्यवंशी दताना पूर्व प्रधानाध्यापक एक परिसर एक शाला शा.मा.वि. मुंजाखेड़ी,संजय वर्मा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, धर्मेन्द्र बागेला एडवोकेट पूर्व कार्यकारिणी सदस्य अभिभाषक मंडल संघ उज्जैन, विवेक वर्मा, आर्यन बागेला आदि ने साफा बांध कर व पुष्प माला पहनाकर आत्मिय भव्य स्वागत सम्मान कर बहुत बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं देकर प्रार्थना की कि मां नर्मदा का आशीर्वाद आप पर सदा बना रहे,इस अवसर पर डॉ अशोक राठौर, राजाराम कुमावत, अशोक परमार, अजय परमार, अनिल राठौर, कैलाश जी,आदि उपस्थित थे । श्री बंशीलाल राठौर जी ने अपनी यात्रा का अनुभव बताते हुए कहा कि मां नर्मदा की परिक्रमा त्याग तपस्या और आत्म शुद्धि की सर्वोच्च यात्रा है जो अंहकार को नष्ट कर ,हर कंकर शंकर के भाव के साथ शिवत्व से जोड़ती है, इस परिक्रमा को करने से आत्म ज्ञान और परमात्मा से साक्षात्कार का अवसर मिलता है, सहनशीलता बढ़कर धैर्य विकसित होता है,यह यात्रा जीवंत भारतीय संस्कृति, नर्मदा के तटों, जंगलों और पहाड़ों के दर्शन कराती है ,यह अपने आप में जीवन को सुधारने व सात्विक जीवन की ओर प्रेरित करने वाली अनूठी यात्रा है।

# अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों ने बजट 2026 की बारीकियों पर की चर्चा, बताया विकसित भारत का आधार

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बजट पर परिचर्चा आयोजित, प्राचार्या ने इसे धारणीय विकास की दिशा में बताया सफल प्रयास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में ह्लबजट 2026: विकसित भारत की ओर एक कदमह्व विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थियों ने न केवल बजट निर्माण की प्रक्रिया को समझाया, बल्कि बजट के आय-व्यय के गणित और विभिन्न प्रावधानों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने बजट 2026 को विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और धारणीय विकास की दिशा में एक सफल प्रयास बताया। उन्होंने इस बात पर विशेष हर्ष व्यक्त किया कि भावी अर्थशास्त्रियों (विद्यार्थियों) ने स्वयं इस परिचर्चा का आयोजन किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### विशेषज्ञों ने समझाये प्रावधान

अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता दुबे ने विद्यार्थियों को बजट के तकनीकी प्रावधानों से अवगत कराया। डॉ. दिनेश जोशी ने बजट में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के लिए किए गए विशेष प्रावधानों को रेखांकित किया। वहीं, डॉ. ममता पवार ने बजट 2026 में हुए नवीन बदलावों की जानकारी दी और प्रो. कंचन ससाने ने राजकोषीय नीति एवं बजट प्रावधानों पर अपने विचार रखे।

**नगर पालिका का विशेष अभियान:**

# आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित पहुंचाया गौशाला

### पशु पालकों को सख्त निर्देश, खुला ना छोड़ें अपने पालतू पशुओं को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

नगर पालिका परिषद बड़नगर की टीम ने मंगलवार को नगर के विभिन्न मार्गों, बाजारों क्षेत्रों तथा आवासीय इलाकों में व्यापक अभियान चलाते हुए विचरण कर रहे आवारा 18 गौवंश को सुरक्षित रूप से पकड़ा और उन्हें ग्राम पंचायत रणवा स्थित की श्री राम राज्य गौपाल गौशाला में छोड़ा।

टीम ने मुख्य चौराहों सहित भीड़भाड़ एवं आवासीय इलाकों में विशेष रूप से यह अभियान चलाते हुए आवारा 18 गोवंश पूजन कर एवं उनके रचका खिलाकर व्यवस्थित रूप से गाड़ी में भरकर गौशाला पहुँचाया।

नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुगमता बनाए रखना नगर व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए बाजारों और मुख्य मार्गों पर पशुओं का खुला विचरण किसी भी हाल में उचित नहीं है, टीम द्वारा नगरवासियों एवं पशु पालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि अपने पालतू पशुओं को खुला न छोड़ें, अन्यथा प्रावधान अनुसार कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं की वजह से न केवल दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ती हैं, बल्कि सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है। वहीं नगर पालिका की टीम लगातार ऐसे अभियानों को जारी रखेगी ताकि बड़नगर शहर साफ-सुथरा, सुरक्षित और व्यवस्थित बना रहे और सुगम यातायात व्यवस्था भी बनी रहे। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे साझा जिम्मेदारी निभाते हुए नगर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था में सहयोग करें तथा पशुओं को खुले में छोड़ने से बचें। इस अवसर पर पार्षद विजयंत गोसर, ग्राम पंचायत रणवा सरपंच महेन्द्रसिंह भाटी, नगर पालिका सीएमओ मंशाराम निंगवाल, सफाई दरोगा नरेंद्र सिरसवाल सहित अधिकारी, कर्मचारी नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है

कि वे साझा जिम्मेदारी निभाते हुए नगर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था में सहयोग करें तथा पशुओं को खुले में छोड़ने से बचें। आवारा पशुओं गौवंश को पकड़ने हेतु एक टीम का गठन किया गया है।

### जश्न-ए-हिंदुस्तान ऑल इंडिया मुशायरा संपन्न

उज्जैन। साहित्यिक संस्था बज्म हलका-ए-फि क्र-ओ-फन की जानिब से जामा मस्जिद कम्यूनिटी हॉल में आयोजित जश्न-ए-हिंदुस्तान ऑल इंडिया मुशायरा कामयाबी की एक नई तारीख लिख गया। 11 शायरों की सीमित फेहरिस्त के बावजूद यह मुशायरा सैकड़ों श्रोताओं की मौजूदगी में पहले शायर से आखिरी शायर तक समान दाद, तालियों की गड़गड़ाहट और श्रोताओं के जोश के साथ अपने शबाब पर रहा।

# गाड़ी अड्डा से मक्सी रोड: 80 फीट सड़क की जरूरत नहीं

### कहा- न तो यह सिंहस्थ क्षेत्र है और न ही मुख्य मार्ग, 50 फीट सड़क ही पर्याप्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गाड़ी अड्डा से लेकर मक्सी रोड बायपास तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। नगर निगम द्वारा वर्तमान 20 फीट की सड़क को 80 फीट (24 मीटर) चौड़ा करने की कवायद पर नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि घनी बस्ती के बीच 80 फीट रोड की कोई आवश्यकता नहीं है, इससे सैकड़ों परिवार बेघर हो जाएंगे।

रवि राय ने प्रशासन को सुझाव दिया कि यदि सड़क चौड़ी करनी ही है, तो गरीबों के आशियाने तोड़ने की बजाय पास ही स्थित हीरा मिल की शासकीय भूमि का उपयोग किया जाए। यदि 50 फीट तक की सड़क बनानी है तो वह हीरा मिल की जमीन पर बनाई जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह क्षेत्र न तो सिंहस्थ मेला क्षेत्र में आता है और न ही यहां कुंभ लगता है, इसलिए यहां 80 फीट चौड़े रोड का कोई औचित्य नहीं है।

### मुख्य मार्ग ही 60-80 फीट, तो यहां इतना चौड़ा रोड क्यों?

प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए राय ने कहा कि जब देवास रोड और इंदौर रोड जैसे शहर के मुख्य मार्ग ही 60 से 80 फीट चौड़े हैं, तो शहर के अंदरूनी हिस्से में इतनी चौड़ी सड़क क्यों बनाई जा रही है। यहां 50 फीट से ज्यादा रोड नहीं होना चाहिए। 80 फीट के चक्कर में न केवल सैकड़ों मकान टूटेंगे, बल्कि कई धार्मिक स्थल भी प्रभावित होंगे, जिनसे लोगों की आस्था जुड़ी है। गौरतलब है कि नगर निगम ने एमआर-4 के तहत इस सड़क को 24 मीटर चौड़ा करने का नोटिस जारी कर दिया है, जिसकी जद में करीब 190 मकान आ रहे हैं और रहवासियों को 7 दिन का अल्टीमेटम मिला है। रवि राय ने मुख्यमंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि वे जनता के हित में आगे आएं और इस योजना पर पुनर्विचार करें।


## पश्चिम रेलवे 2 जोड़ी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें चलाएगी

| ट्रेन नंबर | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 02200 | बांद्रा टर्मिनस – वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 07/03/2026 से 28/03/2026 | 05:10 बजे (शनिवार) | 05:00 बजे (अगले दिन) |
| 02199 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी – बांद्रा टर्मिनस | 05/03/2026 से 26/03/2026 | 16:50 बजे (गुरुवार) | 16:10 बजे (अगले दिन) |

**हॉल्ट:** बोरीवली, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, बियावरा राजगढ़, चाचुरा बीनागंज, रुठियाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, डबरा और दतिया स्टेशन दोनों दिशाओं में।

**संरचना:** एसी-2 टियर, एसी-3 टियर, एसी-3 टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

| ट्रेन नंबर | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 04126 | बांद्रा टर्मिनस – सूबेदारगंज | 03/03/2026 से 31/03/2026 | 11:15 बजे (मंगलवार) | 17:00 बजे (अगले दिन) |
| 04125 | सूबेदारगंज – बांद्रा टर्मिनस | 02/03/2026 से 30/03/2026 | 05:20 बजे (सोमवार) | 09:30 बजे (अगले दिन) |

**हॉल्ट:** बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, रूपबास, फतेहपुर सीकरी, ईदगाह आगरा, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशन दोनों दिशाओं में।

**संरचना:** एसी-3 टियर, एसी-3 टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

ट्रेनों के ठहराव के समय एवं संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

ट्रेन नंबर 02200 और 04126 की बुकिंग 11/02/2026 से सभी PRS काउंटर और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। ऊपर बताई गई ट्रेनें स्पेशल ट्रेन के तौर पर स्पेशल किराए पर चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

## खबर एक नजर...

### क्रिकेट सट्टा पकड़ा आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** स्थानीय दशरथ नगर में एक मकान के पीछे आरोपी युवक को रुपए पैसे से हारजीत का दांव लगाकर मोबाइल से ऑनलाईन वेबसाईट पर क्रिकेट मैच पर सट्टा खिला रहा था उसे दरदबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मंदसौर कोतवाली पर 4क पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट 1976 में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटनास्थल से पुलिस ने एंड्रइड मोबाइल फोन व 6 रंगीन स्क्रीन शॉट की छायाप्रति जब्त की। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी शिवसिंह (24) पिता कृष्णसिंह निवासी डोसी बिल्डिंग के पास अभिनंदन नगर मंदसौर के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### जुआं खेलते 6 पकड़ाए

**मंदसौर।** जिले के दलौदा थाना क्षेत्र में ताशपत्ति से जुआं खेलते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 18 हजार 920 रुपये नगदी व जुआं उपकरण जप्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दलौदा थाना पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी इमरान (36) पिता इस्माईल पठान निवासी दलौदा, शोयब (28) पिता तोफीक निवासी जयपुरा, अकबर (34) पिता शहजाद निवासी मोदी चौक मंदसौर, शफी (56) पिता गफुर निवासी मदारपुरा मंदसौर, समीर (32) पिता बाबू खान निवासी गुदरी तोड़ा मंदसौर, भारत पिता प्रकाशचंद निवासी रवि मोहम्मद जिला मंदसौर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ 13 जुआं एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

### कल हड़ताल पर रहेंगे नपा के सफाई कर्मी

**मंदसौर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कल 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्र व्यापी हड़ताल में सफाई कामगार संयुक्त मोर्चा मंदसौर ने शामिल होने का निर्णय लिया है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना है।
हेमा कंडारे ने सीएमओ को एक पत्र प्रेषित कर सूचित किया कि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों सहित राज्य व केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संयुक्त आह्वान पर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेड यूनियनों द्वारा की जा रही मांगों का समर्थन में 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में नगरपालिका में कार्यरत सफाई कर्मी काम पर नहीं आएंगे।

### पुलिस का विशेष जनसंवाद अभियान

**रतलाम।** महिला सुरक्षा एवं महिला अपराधों की रोकथाम को लेकर रतलाम पुलिस द्वारा विशेष जनजागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। यह अभिया- एडीजी अनिल कुमार द्वारा महिला थाना निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन में, डीआईजी निमिष अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा चौधरी द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता प्रदान करने तथा आमजन को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

# कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई का हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर मिशा सिंह ने कलेक्टर कक्ष में लंबे समय से लंबित आवेदनों पर सुनवाई की। वहीं कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं एवं आवेदन प्राप्त किए।

जनसुनवाई के दौरान कुल 97 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में समाधान कराया गया, जबकि शेष आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए गए।

**भूमि सीमांकन के प्रकरण**

आवेदक बालचन्द्र सैनी एवं विष्णु हरोर, निवासी विवेकानंद कॉलोनी, जावरा ने भूमि सीमांकन के लिए पूर्व में पटवारी को आवेदन देने के बावजूद कार्यवाही नहीं होने की



शिकायत की। इस पर तहसीलदार जावरा को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार आवेदक राधेश्याम परमार, निवासी ग्राम हरियाखेड़ा तहसील पिपलौदा ने भी भूमि सीमांकन न होने की शिकायत की, जिस पर तहसीलदार पिपलौदा को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। आवेदक धनपाल सिंह, निवासी ग्राम शेरपुर तहसील पिपलौदा ने बताया कि उन्होंने अपनी फसल का बीमा आईसीआईसीआई बैंक में करवाया था और प्रीमियम राशि भी जमा की गई थी, लेकिन वर्ष 2023-24 की बीमा राशि अब तक खाते में जमा नहीं हुई। इस पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। आवेदक आरिफ खान, निवासी आलोट ने बताया कि उनकी माता छम्मो पति आबिद खान का 2 मार्च 2025 को निधन हो गया था। माता का श्रम विभाग का असंगठित श्रमिक कार्ड होने के बावजूद मृत्यु पश्चात मिलने वाला लाभ अब तक प्राप्त नहीं हुआ। इस संबंध में श्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया। आवेदक रामेश्वर कसारा, निवासी दीनदयाल नगर ने एनसीसी 21 बटालियन से सेवानिवृत्ति के बाद तृतीय समयमान वेतनमान 1 जुलाई 2014 से अब तक नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर संबंधित विभाग को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

### जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधौलिया एवं समस्त परियोजना अधिकारी, सुपरवायजर उपस्थित रहे। बैठक में पोषण ट्रैकर एप, भवन निर्माण, आंगनवाडी कार्यकर्ता/ सहायिका के रिक्त पदों, प्रधानमंत्री मातृ- वंदना योजना, समेकित बाल संरक्षण योजना केंद्र संचालन की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गयी। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि भ्रमण के दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा सही वजन एवं ऊंचाई नही लिये जाने पाया गया।

### जिले के दो थाना क्षेत्रों में दो सड़क हादसों में दो की जान गई

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो व्यक्तियों की जान चली गई। पुलिस ने इन दोनों प्रकरणों में दो पहिया वाहन के अज्ञात चालकों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक हादसा मंदसौर के यशोधर्मन थाना क्षेत्र में हुआ जबकि दूसरी घटना दलौदा थाना क्षेत्र में घटित हुई। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार यशोधर्मन थाना क्षेत्र के कृष्णा रेस्टोरेंट के सामने रेवास देवड़ा रोड़ ऋषियानन्द कुटिया मंदसौर पर 1 फरवरी की रात करीब 11.30 बजे हुए इस हादसे में आरोपी ने अपनी मोटरसाइकिल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक स्कूटी को टक्कर मार दी जिसमें तुलसीदास (22) पिता केशवदास बैरागी निवासी जीरन जिला नीमच की मृत्यु हो गई। एक अन्य दुर्घटना दलौदा थाना क्षेत्र में 15 जनवरी को हुई। वाहन चालक द्वारा अपना वाहन, तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और वीरेन्द्र कुमार पिता महेन्द्रकुमार जैन की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उसे आई चोटों के कारण वीरेन्द्र जैन की मृत्यु हो गई।

### मंदसौर में लगा रोजगार मेला, 115 युवाओं का पंजीयन, 30 का चयन

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद पंचायत परिसर मंदसौर में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मंदसौर धर्मेंद्र कुमार यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। रोजगार मेले में कुल 115 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 30 युवाओं का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। एसआईएस सुरक्षा भर्ती के अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले के पांचों विकास खंडों में मेले का आयोजन पूर्ण होने के पश्चात सुरक्षा भर्ती में चयनित युवाओं की संख्या पृथक से प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें स्वरोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं से भी अवगत कराया गया। विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आज 11 फरवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जनपद पंचायत परिसर सीतामऊ में किया जाएगा।

# फायरिंग करने वाले कंजर गिरोह के 2 आरोपी गिरफ्तार



ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बालोदा में रविवार रात हुई सनसनीखेज फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्या का प्रयास करने वाले कंजर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार 9 फरवरी को फरियादी रामप्रहलाद नाई ने गरोठ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 फरवरी की रात करीब 10 बजे उनका परिवार खाना खाकर सो गया था। रात करीब 3 बजे घर के बाहर खट-पट की आवाज सुनकर जब वे बाहर निकले, तो ट्रैक्टर-ट्रॉली की ओट में कुछ अज्ञात बदमाश छिपे हुए दिखे। जब रामप्रहलाद और उनके पिता गणपतलाल ने बदमाशों को टोकते हुए आवाज लगाई, तो पकड़े जाने के डर से बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी जिससे गणपतलाल के पेट में गोली लगी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा घटना स्थल पहुंचे तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील और एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में 5 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। विवेचना के दौरान पुलिस को घटनास्थल के पास से दो मोटर साइकिलें और कारतूस के खाली खोखे मिले। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों कमल (30) पिता रंगलाल कंजर निवासी अरनिया डेरा हा.मु. मुण्डला कंजर डेरा, झालावाड़ (राज.) व गोविंद (31) पिता रंगलाल कंजर निवासी मुण्डला कंजर डेरा झालावाड़ (राज.) को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त दो बिना नम्बर की मोटरसाइकिल, 2 पीतल के कारतूस के खाली खोखे जप्त किये। पूछताछ में आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथियों दिलीप, राहुल और अजय कंजर के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमें रवाना की गई हैं।

### सावन बालाजी मंदिर पहुंच मार्ग का भूमिपूजन और डोम का लोकार्पण आज

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

सावन से सावन बालाजी मंदिर पहुंच मार्ग का भूमिपूजन एवं 15 लाख की लागत से निर्मित डोम का लोकार्पण आज 11 फरवरी 2026 बुधवार को प्रातः 11.30 बजे नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत नीमच अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान की अध्यक्षता एवं जनपद पंचायत नीमच अध्यक्ष श्रीमती शारदा मदनलाल धनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, भाजपा भादवामाता मण्डल अध्यक्ष श्रीमती पूजा अनिल शर्मा, जनपद सदस्य प्रहलाद भट्ट, ग्राम पंचायत सावन सरपंच जितेन्द्रकुमार माली के विशिष्ट आतिथ्य में सावन बालाजी में सम्पन्न होगा। सावन से सावन बालाजी मंदिर पहुंच मार्ग बनने से आवागमन अधिक सुविधाजनक होगा वहीं डोम का सामुदायिक उपयोग कर ग्रामीणजन इसका लाभ उठा सकेंगे।।

# प्रभारी प्राचार्य के समर्थन में शिक्षकों व ग्रामीणों ने दिया पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन

### पुलिस से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

माकड़ोन थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय ईपीएस हाईस्कूल परसोली, विकासखण्ड तराना, जिला उज्जैन में प्रभारी प्राचार्य एवं एक अतिथि शिक्षक के बीच हुए विवाद के बाद प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जगदीश परमार एवं जगन्नाथ बागड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने बिना समुचित जांच किए एकतरफा कार्रवाई की, जो कि अनुचित है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा संबंधित अतिथि शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। प्रभारी प्राचार्य द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, ग्राम परसोली के अतिथि शिक्षक दिलीप शर्मा ने 7 फरवरी 2026 को विद्यालय परिसर में अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान कक्षा 10वीं में छात्राओं के साथ अश्लील गीतों पर नृत्य कराया गया, जिसमें कुछ असामाजिक तत्व भी शामिल थे। इस पर प्रभारी प्राचार्य ने हस्तक्षेप करते हुए कार्यक्रम रुकवाया और कक्षा में ताला लगवाया, जिसकी एक चाबी शिक्षक जगदीश गोस्वामी को तथा एक स्वयं अपने पास रखी।आवेदन में आगे उल्लेख है कि इस घटना के बाद 7 फरवरी 2026 को दिलीप शर्मा द्वारा प्रभारी प्राचार्य को धमकी दी गई कि यह कार्य उन्हें महंगा पड़ेगा।

प्रभारी प्राचार्य के अनुसार, 9 फरवरी 2026 को सुबह करीब 10 बजे विद्यालय में बोर्ड परीक्षा से संबंधित कार्य चल रहा था। इसी दौरान अतिथि शिक्षक दिलीप शर्मा अपने साथ 50से60 लोगों की भीड़ लेकर विद्यालय पहुंचे और उन पर जानलेवा हमला किया। आरोप है कि इस दौरान जातिगत शब्दों का प्रयोग किया गया, जो अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत आता है। बताया गया कि हमले से बचने के लिए प्रभारी प्राचार्य ने विद्यालय के भीतर स्वयं को बंद कर लिया, जिसके बाद दरवाजे व खिड़कियों में तोड़फोड़ की गई तथा उनकी मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया।प्रभारी प्राचार्य का आरोप है कि 112 पर कॉल करने के बाद पुलिस उन्हें अभिरक्षा में थाना माकड़ोन ले गई,

### इंटरनेशनल वर्ल्ड योगा चैंपियनशिप में रानेरा ने जीते गोल्ड मेडल

**मंदसौर।** बंगलौर में आयोजित तीन दिवसीय वर्ल्ड योग चैंपियनशिप में पत्रकार धर्मेन्द्र सिंह रानेरा ने तीन गोल्ड मेडल प्राप्त किये। चैंपियनशिप में भारत, श्रीलंका, स्विट्जरलैंड, वियतनाम सहित दस देशों ने भाग लिया। मध्यप्रदेश से धर्मेन्द्र सिंह रानेरा, कृष्णपाल सिंह, अमितेश सिंह, अथर्व सिंह, अदित्रीसिंह, आविष्का सिंह ने अपने -अपने समूह में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किए। मंदसौर जिले से धर्मेन्द्रसिंह रानेरा ने स्पोर्ट्स योगा, आर्टिस्टिक एवं रिदमिक में तीन गोल्ड मेडल जीते। शानदार प्रदर्शन के कारण धर्मेन्द्र सिंह रानेरा को चैंपियनों का चैंपियन में सीधे प्रवेश मिला और वहां भी अपने ग्रुप वेटरन ए में चैंपियनों का चैंपियन बने।

# कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई

## 33 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

जन समस्याओं की समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से प्रति मंगलवार की भांति आज भी कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। आज की जनसुनवाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री तपीस पांडे द्वारा की गई। जनसुनवाई में कुल 33 आवेदक अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। जनसुनवाई कर रहे एसडीएम ने सभी आवेदकों की समस्याएं को एक-एक कर ध्यानपूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।



जनसुनवाई के दौरान आवेदक श्री प्रेम ब्रजवासी पिता गोविंद ब्रजवासी निवासी वार्ड क्रमांक 03, पंचेश्वर मार्ग, आलीराजपुर ने आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कई वर्षों से वे वाहन सीट कुशन की दुकान संचालित कर रहे थे, जिसे नगर पालिका द्वारा सात माह पूर्व अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान हटा दिया गया। दुकान हटने के बाद से वे बेरोजगार हैं और परिवार के भरण-पोषण में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे किराये के मकान में रह रहे हैं तथा दुकान न होने के कारण किराया भी चुकाने में असमर्थ हैं। आवेदक ने आम मंडी के बाहर दुकान लगाने की अनुमति देने का अनुरोध किया, साथ ही उनके पास प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध है। इस प्रकरण में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार एक अन्य आवेदक रविना पति रेमसिंह जाति भीलाला निवासी ग्राम कुहा, तहसील कट्ठीवाड़ा ने आवेदन देकर बताया कि उन्हें लाड़ली बहना योजना की पहली किस्त 11 सितंबर 2023, दूसरी किस्त 11 दिसंबर 2023 तथा तीसरी किस्त 10 जनवरी 2024 को प्राप्त हुई थी, लेकिन इसके पश्चात अब तक कोई राशि नहीं मिली है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।



## शासकीय महाविद्यालय जोबट में लर्नर लाइसेंस शिविर का किया आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन तथा आरटीओ श्रीमती कृतिका मोहटा के मार्गदर्शन में आज संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय जोबट परिसर में लर्नर लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। संकल्प से समाधान अभियान का मुख्य उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करना है। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर में संस्था में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई, जिसके अंतर्गत कुल 85 विद्यार्थियों के लर्नर लाइसेंस सफलतापूर्वक बनाए गए। परिवहन विभाग की टीम द्वारा आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन पूर्ण कराए गए। इस अवसर पर संस्था का स्टाफ एवं परिवहन विभाग का अमला उपस्थित रहा।

# केंद्रीय बजट एवं जीबी जी राम जी योजना पर जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर द्वारा भाजपा महिला मोर्चा के सहयोग से स्वर्गीय परमानंद गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम में बजट पर चर्चा एवं वीबी-जी-राम-जी विषय पर जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीए सुयश माहेश्वरी एवं अधिवक्ता प्रकाश लाड़ (कर सलाहकार) ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बजट में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की नीव रखी गयी है। वही सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता को केंद्र में रखते हुए कई नई घोषणाएँ की हैं। हर जिले में १ गर्ल्स हॉस्टल बनाने के लिए विशेष निधि आवंटित की गई है, जिससे छात्राओं को सुरक्षित आवास मिल सकेगा।



महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शे-सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर मार्ट योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को देशभर के बड़े बाजारों तक पहुँचाने का ढांचा तैयार किया जाएगा। महिला उद्यमिता फंड और एसएचजी को सस्ते ऋण देने की स्कीमों में बढ़ोतरी भी इस बजट की महत्वपूर्ण घोषणा रही।

भाजपा जिला महामंत्री ईश्वर चौहान ने केन्द्रिय बजट पर विस्तार पुर्वक जानकारी देते हुए इसे 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करने वाला करार दिया। उन्होंने वीबी-जी-राम-जी बिल को लेकर बताया कि इस बिल के क्रियान्वयन होने से अब ग्रामीण भारत को मजबुती तो मिलेगी ही ,साथ ही ग्रामीण जनजीवन पर इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा।

## पंचकोशी पदयात्रा परिक्रमावासियों का नगर में स्वागत किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

मां आशापुरी पार्वती माता (जामगेट) की पावन प्रेरणा से आयोजित पंचकोशी पदयात्रा का आयोजन इस वर्ष लगातार द्वितीय वर्ष सफलतापूर्वक किया गया। यह पंचकोशी पदयात्रा दिनांक 6 फरवरी से 10 फरवरी तक भक्तिभाव और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुई। पंचकोशी पदयात्रा का शुभारंभ प्रथम दिवस विधिविधान से मां आशापुरी माताजी के पूजन, ध्वज पूजन एवं महाआरती के साथ किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुजन च्जय माता दीज् के जयघोष के साथ पदयात्रा पर निकले।यह पावन पदयात्रा ग्राम आशापुर से प्रारंभ होकर समसपुर, बडवेल, बबलई, चोली होते हुए मंडलेश्वर पहुंची। संपूर्ण मार्ग में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। जगह-जगह ग्रामवासियों द्वारा यात्रियों का पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया गया।मंडलेश्वर पहुंचने पर पंचकोशी परिक्रमावासियों के लिए तंवर समाज धर्मशाला में भव्य भोजन भंडारा एवं प्रसादी सेवा का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में राजेश चौहान, प्रवीण वर्मा, तेजस चौहान, रोहित चौहान, जय चौहान, यश सिटोले एवं उनके साथियों का विशेष योगदान रहा। सभी श्रद्धालुओं ने सेवा भाव की खुले मन से सराहना की। पंचकोशी पदयात्रा के दौरान एकता और भक्तिभाव का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

## सेजावाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में भूखंडों के आवंटन हेतु आमंत्रित किए ईओआई

**आलीराजपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र आलीराजपुर द्वारा जानकारी दी गई कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आलीराजपुर जिले के चन्द्रशेखर आजाद नगर तहसील स्थित सेजावाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में रिक्त औद्योगिक भूखंड क्रमांक 6, 10, 11 एवं 12 के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किए गए हैं।ईओआई प्रक्रिया 1 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से 15 फरवरी 2026 को अपराह्न 5 बजे तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन संपादित की जाएगी। प्रत्येक भूखंड के लिए पांच हजार आवेदन शुल्क एवं प्रचलित प्रीमियम की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन एमपी एमएसएमई औद्योगिक भूमि एवं भवन आवंटन नियम 2025 के तहत किया जाएगा।

## ग्राम पंचायत दरियापुर में दुकान नीलामी में भ्रष्टाचार के आरोप

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले की ग्राम पंचायत दरियापुर में दुकान नीलामी में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। यहां पंचायत ने दुकानों की नीलामी तो की, लेकिन आज दिनांक तक बोली लगाने वाले ने पंचायत में राशि जमा नहीं करवाई। ग्राम के युवक चंद्रकांत पानपाटील ने जन सुनवाई में कलेक्टर से मामले की शिकायत की है। चंद्रकांत पानपाटील ने अपनी शिकायत में कहा है कि दिनांक 15.10.2025 को ग्राम पंचायत द्वारा कुल 6 दुकानों की नीलामी हुई थी। जिसकी राशि जमा करने के लिए समय सीमा 15 दिवस की राखी गई थी। परंतु आज 3 महीने बाद भी दुकान नीलामी की राशि जमा नहीं हुए है। पंचायत की शर्तों के अनुसार अगर 15 दिन के भीतर पूरी राशि जमा नहीं कि तो 2 या 3 नंबर वाले बोलिकर्ता को अवसर दिया जाएगा परंतु 3 महीने बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। चंद्रकांत पानपाटील ने आरोप लगाया है कि सरपंच सचिव की मिलीभगत होने की संभावनाएं है। कुल जमा राशि एक करोड़ 6 लाख 23 हजार रुपए है लेकिन जमा हुई राशि 72 लाख 31 हजार रुपये है और पासबुक में जमा राति 47 लाख 3 हजार 621 मात्र है।

# मेडिकल कॉलेज के द्वारा सर्व निधन सभी प्रकार की बीमारियों की जांच हेतु शिविर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ टाण्डा

मंगलवार को जनजाति विकास मंच के माध्यम से नरवाली रोड स्थित उज्जैन के आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के द्वारा सर्व निधन सभी प्रकार की बीमारियों की जांच हेतु शिविर लगाया गया। नरवाली क्षेत्र के आसपास 10-15 गांव से लगभग 140 मरीजों की जांच की गई एवं कुछ मरीजों को बड़ी समस्या या बड़ी बीमारी होने पर मेडिकल कॉलेज की टीम के द्वारा उनको साथ ले जाकर डॉक्टर कैलाश शर्मा व उनकी टीम के द्वारा निशुल्क सेवा भाव से जांच तथा इलाज किया गया। शिविर में योग निंब के गुरुजी हनुमान दास जी उज्जैन तथा प्रतिभा दीदी का सहज आगमन हुआ। जिनका भी शिविर में पधारे रोगियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु सन्देश प्राप्त हुआ। शिविर में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री गुरुजी ने कहा कि आरडी गार्डी कॉलेज व जनजाति विकास मंच ऐसे शिविरों का आयोजन कर समाज के क्षेत्र में बहुत उन्नत कार्य कर रहे है उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है कार्यक्रम में जनजाति विकास मंच के धार जिलाध्यक्ष अरविंद डावर,सुंदर चौहान नरवाली सरपंच सोहन ,काकडवा सी एच ओ किरण भाटिया , बबलू आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे। डॉक्टर कैलाश शर्मा ने बताया कि इस तरह के शिविरों का आयोजन आगे भी इसी तरह किया जाएगा।

## बड़वानी जिले में कक्षा 12वीं की अंग्रेजी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न; 8083 छात्र हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

जिला बड़वानी में मंगलवार से प्रारंभ हुई बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 12वीं (हायर सेकेंडरी) का अंग्रेजी विषय का पेपर जिले के 45 परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार, परीक्षा के लिए कुल 8,408 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 8,083 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 325 छात्र अनुपस्थित पाए गए। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहे तथा तलाशी (चेकिंग) की व्यवस्था लागू की गई। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से आधे घंटे पूर्व तक प्रवेश की अनुमति दी गई। बड़वानी जिले में परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और अनुशासित रही, जिसके चलते सामूहिक या व्यक्तिगत नकल का एक भी प्रकरण (निरंक) दर्ज नहीं किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे आगामी दिनों में समय का विशेष ध्यान रखें और निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होवे।

## जल सुनवाई शिविर का आयोजन

**बड़वानी।** स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत बड़वानी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 5 में मंगलवार को नगर पालिका परिषद बडवानी द्वारा जल सुनवाई शिविर आयोजित किया गया । शिविर में जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य अमृत मित्र महिलाओ द्वारा किया गया। साथ ही जल प्रदाय से संबंधित शिकायतो को भी दर्ज कर निराकृत किया गया । शिविर में २४ घरों के जल नमूनो की जांच फिल्ड टेस्ट कीट के माध्यम से की गई । साथ ही 3 जल प्रदाय के अंतर्गत लीकेज की समस्या का आवेदन भी प्राप्त हुआ ।

## संगठन की दृष्टि से अंबाराम कराडा बने खंडवा जिला संगठन प्रभारी

**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अम्बाराम कराड़ा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संगठनात्मक निमाड़ संभाग अंतर्गत खण्डवा जिले का संगठन प्रभारी नियुक्त किया हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा जिले के संगठन को और ज्यादा मजबूती मिले इस हेतु जहां पार्टी संगठन ने निमाड़ संभाग प्रभारी के रूप में सुरेंद्र शर्मा को संभाग प्रभारी नियुक्त किया, वही खंडवा जिले के संगठन प्रभारी के रूप में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, शाजापुर के पूर्व जिला अध्यक्ष, सांसद स्वर्गीय नंदू भैया के चुनाव के प्रभारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष कोठारी के कार्यकाल में प्रभारी रहे अम्बाराम कराडा जी को संगठन की दृष्टि से जिला संगठन प्रभारी नियुक्त किया है, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि संगठन के आपके अनुभव, समर्पण और संगठन कौशल से खण्डवा जिले में पार्टी और अधिक सुदृढ़ होगी। हर्ष का विषय है कि खंडवा के पूर्व महापौर पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष कोठारी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने धार जिले का संगठन प्रभारी नियुक्त किया है।



# रामायण से हटाए जाने की खबर पर भड़के विक्रांत मैस्सी

## कहा- गैर-जिम्मेदाराना हैरान करने वाली कवरेज, बाद में पोस्ट हटाई, दावा था- राघव जुयाल ने किया रिप्लेस

नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म रामायणः पार्ट-1 लगातार बड़ी स्टारकास्टिंग से चर्चा में है। इसी बीच खबरें रहीं कि एक्टर राघव जुयाल ने विक्रांत मैस्सी को फिल्म से रिप्लेस कर दिया है। रिप्लेसमेंट की खबरों पर अब विक्रांत मैस्सी ने चुप्पी तोड़ी है। उनका कहना है कि ये खबरें बेबुनियाद हैं, क्योंकि वो पहले भी इस फिल्म का हिस्सा नहीं थे।

राघव जुयाल द्वारा रिप्लेस किए जाने की खबरें सामने आने के बाद विक्रांत मैस्सी ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम स्टोरी के स्टोरी सेक्शन में लिखा, ओके, सब साफ करने के लिए कहना चाहता हूं कि मैं कभी भी इस फिल्म का हिस्सा नहीं था। मैं नहीं हूं, और कभी था भी नहीं। इतनी गैर-जिम्मेदार मीडिया कवरेज, वो भी ह्यसम्मानितह्ल कहे जाने वाले मीडिया हाउसों से, सच में हैरान करने वाली है। आगे एक्टर ने लिखा, फिर भी, रामायण फिल्म के लिए सभी को ढेरों शुभकामनाएं। मैं जरूर टिकट खरीदकर इसे सिनेमाघरों में देखने जाऊंगा।

**विक्रांत मैस्सी ने डिलीट की पोस्ट-** मीडिया कवरेज पर भड़ककर की कई इस पोस्ट के महज एक घंटे बाद ही विक्रांत ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी है।

**कैसे शुरू हुई रिप्लेसमेंट की खबरें-** हाल ही में वैराइटी की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में राघव जुयाल लंकेश रावण यानी यश के बेटे मेघानद (इंद्रजीत) का किरदार निभाएंगे। इसके बाद से ही कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जाने लगा कि पहले ये रोल विक्रांत मैस्सी निभाने वाले थे, ऐसे में राघव जुयाल ने उन्हें रिप्लेस किया है।

### रियलिटी शो में दिव्या अग्रवाल की शादी पर सनसनीखेज आरोप

# पति से अलग रहने का दावा





रियलिटी शो द 50 के हालिया एपिसोड में अभिनेत्री और रियलिटी शो स्टार दिव्या अग्रवाल की निजी जिंदगी को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। शो की प्रतिभागी भाव्या सिंह ने दिव्या पर गंभीर व्यक्तिगत आरोप लगाते हुए दावा किया कि वह अपने पति अपूर्व पडगांवकर से अलग रहती हैं। इस बयान के बाद शो के दर्शकों और सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है, हालांकि इस मामले पर दिव्या या उनके पति की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

बताया जा रहा है कि शो के दौरान एक टास्क के दौरान दिव्या अग्रवाल की सह-प्रतिभागी अर्चना गौतम से तीखी बहस हो गई थी। बेल एंड बुद्धि नामक टास्क के दौरान दिव्या ने अर्चना को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके पास दिमाग नहीं है। इस बयान के बाद माहौल और तनावपूर्ण हो गया और अर्चना की करीबी मानी जाने वाली भाव्या सिंह ने दिव्या के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

एपिसोड में दिखाया गया कि बहस के बाद दिव्या भावुक होकर वॉशरूम में रोने लगीं। इस दौरान भाव्या सिंह ने कथित तौर पर उन्हें टिशू देने से भी इनकार कर दिया। इसके बाद भाव्या ने अन्य प्रतिभागियों सपना चौधरी और आर्या से बातचीत के दौरान दिव्या को लेकर कई विवादित टिप्पणियां कीं, जो अब सुर्खियों में आ गई हैं।

भाव्या सिंह ने बातचीत के दौरान दिव्या को फेक और गोल्ड डिगर बताते हुए उनके करियर और उपलब्धियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि दिव्या ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि वह दोबारा रियलिटी शो में हिस्सा नहीं लेंगी क्योंकि वह पहले ही बिग बॉस जीत चुकी हैं। भाव्या ने दिव्या पर पब्लिसिटी हासिल करने के लिए पीआर गतिविधियों और पापाराजी स्पॉटिंग का सहारा लेने का भी आरोप लगाया।

- सबसे ज्यादा चर्चा भाव्या सिंह के उस बयान को लेकर हो रही है जिसमें उन्होंने दिव्या अग्रवाल की शादीशुदा जिंदगी पर टिप्पणी की। भाव्या ने दावा किया कि दिवाली के दौरान दिव्या के घर में बड़ा विवाद हुआ था और वह खुद उस घटना की गवाह रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला परिवार का निजी विवाद था और उन्होंने अब तक इस बारे में सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा था।
- भाव्या सिंह ने आगे आरोप लगाया कि दिव्या अपने पति अपूर्व पडगांवकर से अलग रहती हैं। उन्होंने कहा कि दिव्या लोगों से मिलकर अपने घर आने के लिए आग्रह करती हैं और उनके वैवाहिक जीवन में समस्याएं हैं। हालांकि भाव्या ने अपने आरोपों के समर्थन में कोई ठोस प्रमाण सार्वजनिक रूप से पेश नहीं किया है।
- दिव्या अग्रवाल टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी पहचान बना चुकी हैं और कई रियलिटी शो का हिस्सा रह चुकी हैं। वह ह्यबिग बॉस ओटीटीह्ल की विजेता रह चुकी हैं और कई वेब शोज तथा मनोरंजन कार्यक्रमों में नजर आ चुकी हैं।




# ऋतिक रोशन की फिल्म कृष 4 अटकी

## 500 करोड़ के बजट पर आदित्य चोपड़ा से नहीं बनी सहमति, सुपरहीरो की फिल्म पर फिलहाल लगा ब्रेक

बॉलीवुड के सबसे पॉपुलर सुपरहीरो फ्रेंचाइजी कृष की चौथी कड़ी कृष 4 को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से फिल्म की तैयारी जोरों पर थी, लेकिन अब इसे फिलहाल रोक दिया गया है और काम पर ब्रेक लगा दिया गया है।

कृष सीरीज के फैंस पिछले कई वर्षों से चौथे भाग का इंतजार कर रहे हैं। पहले कृष (2006) और कृष 3 (2013) ने दर्शकों को खूब रोमांच दिया था, इसलिए अगला पार्ट भी ब्लॉकबस्टर बनने की उम्मीद थी। इस बार खबर थी कि सुपरस्टार ऋतिक रोशन न केवल हीरो होंगे, बल्कि फिल्म को डायरेक्ट भी करेंगे।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म अचानक ठंडे बस्ते में चली गई है। बजट को लेकर आयी मतभेद प्रमुख वजह बनी है। कहा जा रहा है कि ऋतिक चाहते थे कि कृष 4 को करीब 500 करोड़ के बजट में बनाया जाए, लेकिन आदित्य चोपड़ा और उनकी टीम 350 करोड़ के बजट पर अटके रहे। दोनों पक्षों के बीच बजट को लेकर लंबी बातचीत चली, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं निकल पाया।

इस विवाद के चलते फिल्म को फिलहाल साइडलाइन कर दिया गया है। अब ऋतिक रोशन खुद दूसरे स्टूडियोज से बातचीत कर रहे हैं, ताकि वे बजट के मुताबिक स्क्रिप्ट में बदलाव करके कृष 4 पर फिर से फोकस कर सकें। हालांकि सूत्रों का कहना है कि ऋतिक रोशन, आदित्य की प्रतिक्रिया को सकारात्मक रूप से ले रहे हैं और जल्द ही नई योजना के साथ आगे आएंगे।

जैसे-जैसे ये मुद्दा सुलझेगा, कृष 4 पर काम फिर से शुरू हो सकता है। फैंस को उम्मीद है कि बजट फाइनल होने पर शूटिंग और रिलीज की तिथियों का घोषणा जल्दी ही होगी। फिलहाल तो ये सुपरहीरो फिल्म कुछ समय के लिए रुकी हुई है, लेकिन इंडस्ट्री की नजरें अब आगे के प्लान पर जमी हुई हैं।

# पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख का नया गाना विवादों में

## बीजेपी नेता ने डीजीपी को शिकायत दी, कहा- यह गीत युवाओं को हिंसा के लिए उकसाने वाला

पंजाब में बैन के बावजूद गन कल्चर वाले गीत रिलीज होने से नहीं रुक रहे। ताजा मामला मशहूर पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख के नए गीत असलहा को लेकर सामने आया है। बीजेपी पंजाब ट्रेड सेल के को-कन्वीनर अरविंद शर्मा ने इस गीत पर आपत्ति जताई है।

अरविंद ने इसे हिंसा के लिए उकसाने वाला बताया और इसे लेकर डीजीपी गौरव यादव को लेटर लिखा है। उन्होंने मांगी की है कि गीत पर रोक लगाई जाए और इसे यूट्यूब से हटाया जाए।

मनकीरत औलख पिछले 15 दिन से अपने नए गीत के प्रमोशन को लेकर लगातार पंजाब का टूर कर रहे थे। 3 दिन पहले (6 फरवरी) ही उनका यह गाना रिलीज हुआ है।

मनकीरत औलख और जेहर वाइब का यह गाना डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। रिलीज के साथ ही यह गाना अपने लिरिक्स और विजुअल्स के कारण विवादों में आ गया। गाने के बोल और वीडियो में हथियारों की नुमाइश की गई है।



### डीजीपी को भेजी शिकायत की 3 अहम बातें

- **गन कल्चर गीत युवाओं को क्राइम की ओर धकेल रहेः** अरविंद शर्मा ने डीजीपी को दी लिखित शिकायत में कहा कि पंजाब पहले ही नशा, गैंगवार और अवैध हथियारों की चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में असलहा जैसे गीत युवाओं को हिंसा के उकसाने वाले हैं। इसके साथ ही ऐसे गीत कानून-व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करते हैं। शिकायत में मांग की गई है कि इस गीत को तुरंत सभी डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटावाया जाए।
- **बैन के बावजूद गाने रिलीज हो रहेः** अरविंद शर्मा ने कहा कि बैन के बावजूद गीत जारी किया गया है। कई गीत अभी भी गन कल्चर वाले रिलीज हो रहे हैं। सरकार और पुलिस प्रशासन इस तरफ ध्यान दे और फ्यूचर के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को सख्त गाइडलाइंस जारी की जाएं।
- **कोर्ट के आदेशों का भी पालन नहीं किया गयाः** शिकायत में सुप्रीम कोर्ट और पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के उन फैसलों का हवाला दिया गया है, जिनमें साफ कहा गया है कि बोलने की आजादी के नाम पर सार्वजनिक शांति को खतरे में नहीं डाला जा सकता। भाजपा नेता ने तर्क दिया कि जब पंजाब पुलिस खुद 7 हजार गन लाइसेंस रद्द कर शांति बहाली की कोशिश कर रही है, तब ऐसे गानों का आना इन प्रयासों को कमजोर करता है।
- **गन कल्चर पर हो चुकी एफआईआरः** मनकीरत औलख पर लंबे समय से अपने गानों के जरिए गन कल्चर प्रमोट करने के आरोप लगते रहे हैं। फरवरी 2020 में मानसा पुलिस ने मनकीरत औलख के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देने वाले गानों के लिए एफआईआर हुई थी। उनके कई हिट गाने जैसे गैंगलैंड, जेल, 8 रफलां और हालिया रिलीज असला विवादों से घिरे हैं।
- गैंगस्टरों से मिल चुकी मारने की धमकीः सिद्धू मूसेवाला मर्डर के बाद बंबीहा गैंग ने मनकीरत को जान से मारने की धमकी दी थी। गैंग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि मनकीरत उनकी लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। अगस्त 2025 में उन्हें फिर से विदेशी नंबर से धमकियां मिलीं, जिसमें उन्हें तैयार रहने के लिए कहा गया। इसकी शिकायत उन्होंने मोहाली पुलिस को दी थी।
- **सिद्धू मूसेवाला मर्डर में नाम और पूछताछः** मनकीरत औलख का नाम पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला मर्डर के बाद काफी चर्चा में रहा। मनकीरत का नाम लॉरेंस गैंग से भी जुड़ा। इस पर हाल ही में मनकीरत ने सफाई दी है। मनकीरत ने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की एक ग्रुप फोटो के चलते उनका नाम लिया गया, जबकि कॉलेज के बाद वह कभी लॉरेंस से नहीं मिले। सिद्धू मूसेवाला मर्डर में नाम आने के बाद चली पूछताछ के बाद मनकीरत को पंजाब पुलिस की एजीटीएफ ने क्लीन चिट दे दी थी।

# टी20 वर्ल्ड कप : भारत-पाक मैच, दिल्ली-मुंबई से कोलंबो फ्लाइट 5 गुना महंगी हुई

## 1.45 लाख तक खर्च करने होंगे, होटल का किराया 1.13 लाख तक पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 का मैच 15 फरवरी को श्रीलंका के कोलंबो में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। अगर आप इस मैच को देखने के लिए 14 और 15 फरवरी को फ्लाइट से कोलंबो जाना चाहते हैं, तो आपको 5 गुना तक किराया चुकाना पड़ेगा।

मेकमायट्रिप की वेबसाइट पर को 14 और 15 फरवरी को दिल्ली-मुंबई से कोलंबो फ्लाइट का किराया एक पैसेंजर के लिए 1.45 लाख तक दिखा रहा है। आम दिनों में कोलंबो की डायरेक्ट फ्लाइट का किराया 30 हजार रुपए के आस-पास तक रहता है। वहीं कोलंबो में बड़े होटलों का किराया भी ?1.14 लाख तक पहुंच गया है।



**दिल्ली से कोलंबो फ्लाइट को 4 घंटे लगते हैं-** दिल्ली से कोलंबो जाने में डायरेक्ट फ्लाइट से करीब 4 घंटे लगते हैं। मैच से एक दिन पहले 14 फरवरी को एअर इंडिया की नॉनस्टॉप फ्लाइट का किराया 90 हजार से 1.09 लाख तक है। वहीं श्रीलंकन एयरलाइंस का किराया 65 हजार से 1.45 लाख तक दिखा रहा है। मैच के दिन रविवार (15 फरवरी) को शाम 7 बजे से पहले एअर इंडिया की नॉनस्टॉप फ्लाइट का किराया 1.09 लाख है। वहीं श्रीलंकन एयरलाइंस का किराया 66 हजार दिखा रहा है।

**मुंबई से कोलंबो फ्लाइट को 3 घंटे लगते हैं-** वहीं मुंबई से कोलंबो तक पहुंचने में डायरेक्ट फ्लाइट को करीब 3 घंटे लगते हैं। 14 फरवरी को एअर इंडिया की नॉनस्टॉप फ्लाइट का किराया 90 हजार तक है। वहीं श्रीलंकन एयरलाइंस का किराया 56 हजार तक दिखा रहा है। 15 फरवरी को शाम 7 बजे से पहले एअर इंडिया की नॉनस्टॉप फ्लाइट का किराया 28 हजार है। वहीं श्रीलंकन एयरलाइंस का किराया 66 हजार दिखा रहा है।

**होटल का किराया 1.14 लाख तक पहुंचा-** वहीं अगर आप 14 फरवरी और 15 फरवरी को कोलंबो में 3 स्टार, 4 स्टार या 5 स्टार जैसे बड़े होटलों में 2 लोगों के लिए रूम बुक करते हैं, तो एक नाइट का किराया 1.14 लाख तक है। आम दिनों में कोलंबो में बड़े होटलों का किराया 40 हजार तक रहता है। हालांकि, छोटे होटलों और गेस्ट हाउस में 2 से 3 हजार रुपए तक में भी रूम मिल जाएगा।

**श्रीलंका की टूरिज्म इंडस्ट्री को सपोर्ट मिलेगा-** श्रीलंका की टूरिज्म इंडस्ट्री इस समय संकट से गुजर रही है। श्रीलंका के सेंट्रल बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीलंका में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के बाद भी कमाई में कमी आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जनवरी 2026 में श्रीलंका आने वाले पर्यटकों से होने वाली कमाई में सालाना आधार पर करीब 5.6% की गिरावट आई है। श्रीलंका को जनवरी 2025 में टूरिज्म से 400 मिलियन डॉलर यानी 3,622 करोड़ रुपए की कमाई हुई थी। वहीं जनवरी 2026 में यह कमाई गिरकर 378 मिलियन डॉलर यानी 3,423 करोड़ रुपए रह गई। ऐसे में श्रीलंका को उम्मीद है कि भारत-पाकिस्तान मैच के कारण काफी संख्या में लोग श्रीलंका पहुंचेंगे और वहां की टूरिज्म इंडस्ट्री को सपोर्ट मिलेगा।

## झज्जर में क्रिकेटर कनिष्क चौहान का शाही स्वागत



### अंडर-19 वर्ल्डकप में दिलाई जीत, मां के आरती उतारते वक्त छलके आंसू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ झज्जर

जिम्बाब्वे में आयोजित क्रिकेट व-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में इंग्लैंड को धूल चटाकर विश्व विजेता बनी भारतीय टीम के चमकते सितारे कनिष्क चौहान आज झज्जर जिले में अपने गांव कुलाना पहुंचे। अपनी जादुई गेंदबाजी और तूफानी बल्लेबाजी से फाइनल के आखिरी ओवरों में मैच का पासा पलटने वाले इस लाडले के स्वागत के लिए गांव में दिवाली जैसा रहा।

गांव में पहुंचने पर फूलमालाओं और पैसों की माला से कनिष्क का भव्य स्वागत किया गया। मां ने बेटे की आरती उतार स्वागत किया। कुलाना गांव में 5 से 6 हजार लोगों के लिए खाना तैयार किया गया। स्वागत समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ के बेटे आदित्य धनखड़, बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स व उनके साथ अन्य राजनीतिक लोग भी कनिष्क के स्वागत में शामिल हुए। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। कनिष्क की मां सरिता चौहान अपने लाडले के गले लगकर भावुक हुई और उनकी आंखों से आंसू छलक उठे। उन्होंने भावुक होकर कहा, ह्यसिर्फ मुझे ही नहीं, पूरे देश को अपने बेटे पर नाज है। बता दें कि व-19 वर्ल्डकप के फाइनल में वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष महात्र की तूफानी पारी के बाद कनिष्क ने भी अपनी ऑलराउंडर प्रतिभा का परिचय देते हुए 20 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 37 रन बनाए और इंग्लैंड टीम के कप्तान थॉमस सहित दो विकेट भी लिए।

## तेंदुलकर ने मोदी को बेटे की शादी का न्योता दिया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सचिन तेंदुलकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले और उन्हें अपने बेटे अर्जुन और सानिया चंडोक की शादी का न्योता दिया। सचिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।

सचिन ने लिखा, प्रधानमंत्री को शादी का निमंत्रण देना हमारे लिए सम्मान की बात है। सचिन ने युवा जोड़े को प्रधानमंत्री से मिले आशीर्वाद के लिए धन्यवाद भी दिया। सचिन परिवार समेत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गृहमंत्री अमित शाह और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मिले और उन्हें भी शादी में आने का न्योता दिया।

**5 मार्च को अर्जुन-सानिया की शादी-** अर्जुन और सानिया की शादी 5 मार्च को मुंबई में होने वाली है। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं और अर्जुन की बहन सारा तेंदुलकर की करीबी दोस्त हैं। घई परिवार हॉस्पिटैलिटी और फूड वर्ल्ड में जाना-माना नाम है। उनका इंटरकॉन्टिनेंटल होटल्स ग्रुप है, जिसकी मल्टीनेशनल वैल्यू 18.43 बिलियन डॉलर (1.6 लाख करोड़ रुपए) है।

## आईपीएल के बाद रिंकू सिंह सांसद प्रिया संग लेंगे 7 फेरे

### काशी में जून में होगी शादी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अलीगढ़

क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज इसी साल जून में 7 फेरे लेंगे। दोनों की शादी काशी में होगी। पिछले साल 8 जून को लखनऊ में रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी हुई थी।

इसके बाद नवंबर, 2025 में शादी की डेट फिक्स हुई थी। लेकिन, शादी नहीं हो पाई थी। फिर फरवरी, 2026 की तारीख तय हुई थी। लेकिन ळ-20 वर्ल्ड कप और आईपीएल के चलते अब इसे जून के लिए शेड्यूल किया गया है।

रिंकू के बड़े भाई सोनू सिंह ने बताया- शादी के लिए पहले 11 और 12 जून की तारीखों पर चर्चा थी। लेकिन आईपीएल फाइनल की व्यस्तता को देखते हुए रिंकू ने नई तारीख निकलवाने को कहा है। जब रिंकू आईपीएल से फ्री होंगे, तभी शहनाई बजेगी। फिलहाल शादी काशी में होगी और रिसेप्शन अलीगढ़ में रखा जाएगा।

**भाजपा-सपा के बीच सियासत से बचने का निकाला रास्ता-** शादी में रिंकू सिंह की तरफ से परिवार और कुछ रिश्तेदारों को मिलाकर करीब 10 से 12 लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसके पीछे की वजह बड़ी दिलचस्प है। दरअसल, दूल्हा पक्ष के कई करीबी भाजपा से जुड़े हैं, जबकि दुल्हन खुद सपा सांसद हैं। इसलिए न्योता देने के लिए काफी सोच-विचार करके ही इस पर निर्णय लिया गया है। गेस्ट लिस्ट काफी छोटी बनाई गई है।

**भाजपा झंडा लगी गाड़ी से रिंग सेरेमनी में आए थे अर्जुन सिंह फकीरा-** 8 जून 2025 को रिंग सेरेमनी में अखिलेश यादव, डिंपल यादव, जया बच्चन, शिवपाल यादव, इकरा हसन समेत 300 वीआईपी गेस्ट शामिल हुए थे। समारोह में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, पूर्व क्रिकेटर पीयूष चावला, प्रवीण कुमार, गेंदबाज यश दयाल भी शामिल हुए थे। दूसरी तरफ, इसी कार्यक्रम में रिंकू के संरक्षक कहे जाने वाले अर्जुन सिंह फकीरा भाजपा का झंडा लगी गाड़ी से पहुंचे थे।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

महिला कारीगर की आवश्यकता है
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतनः- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

कारोबारियों को मिल सकती है बड़ी राहत

## जीएसटी काउंसिल की बैठक में बड़े सुधारों की तैयारी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में कर व्यवस्था को सरल और तकनीक आधारित बनाने के लिए कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार यह बैठक संसद के बजट सत्र के बाद आयोजित होने की संभावना है, जिसमें खास तौर पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन, रिफंड प्रक्रिया, ऑडिट सिस्टम और ई-वे बिल व्यवस्था में व्यापक सुधारों पर चर्चा हो सकती है। सरकार का उद्देश्य कारोबारियों के लिए अनुपालन प्रक्रिया को आसान बनाना और व्यापार लागत को कम करना बताया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सरकार जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को तेज और सुगम बनाने पर विशेष जोर दे रही है। मौजूदा समय में कई छोटे और नए कारोबारियों को रजिस्ट्रेशन के दौरान दस्तावेजी प्रक्रिया और तकनीकी अड़चनों का सामना करना पड़ता है। सरकार की कोशिश है कि कम समय में और कम बाधाओं के साथ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी हो सके, जिससे छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को सीधे तौर पर लाभ मिल सके। विशेषज्ञों का मानना है कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आसान होने से औपचारिक अर्थव्यवस्था में नए व्यापारियों की संख्या बढ़ सकती है। जीएसटी व्यवस्था में रिफंड की प्रक्रिया लंबे समय से विवाद का विषय रही है। निर्यातकों और कारोबारियों की ओर से रिफंड मिलने में देरी की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। सूत्रों के अनुसार आगामी बैठक में रिफंड प्रणाली को अधिक ऑटोमेटेड और पारदर्शी बनाने पर विचार किया जा सकता है।

लोन-रिकवरी एजेंट अब ग्राहकों को परेशान नहीं कर सकेंगे

# डिजिटल फ्रॉड पर 25,000 मुआवजा मिलेगा

### आरबीआई सख्त गाइडलाइंस लाएगा, मिस-सेलिंग भी रुकेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बैंक से लोन लेने वाले और डिजिटल ट्रांजेक्शन करने वाले करोड़ों ग्राहकों के लिए राहत की खबर है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी और बैंकों द्वारा की जा रही 'मिस-सेलिंग' पर लगाम लगाने के लिए सख्त गाइडलाइंस लाने का फैसला किया है।

मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि केंद्रीय बैंक तीन नए ड्राफ्ट रेगुलेशन जारी करने जा रहा है। इनका मकसद ग्राहकों की सुरक्षा को मजबूत करना और बैंकों की जवाबदेही तय करना है।

इन नियमों के लागू होने के बाद रिकवरी एजेंट ग्राहकों को डरा-धमका नहीं पाएंगे और न ही बैंक आपको ऐसा इंश्योरेंस या लोन दे पाएंगे, जिसकी आपको जरूरत नहीं है।

**लोन रिकवरीः एजेंटों की बदतमीजी अब बैंकों को पड़ेगी भारी-** आरबीआई गवर्नर ने साफ किया है कि लोन रिकवरी की प्रक्रिया में पारदर्शिता और नैतिकता लाने के लिए मौजूदा नियमों को और कड़ा किया जाएगा। अक्सर शिकायतें आती हैं कि रिकवरी एजेंट ग्राहकों को देर रात फोन करते हैं, उनके रिश्तेदारों को परेशान करते हैं या घर आकर बदतमीजी करते हैं। नए नियमों के तहत बैंक अब इन एजेंटों की हरकतों के लिए सीधे जिम्मेदार होंगे। अगर कोई एजेंट नियमों का उल्लंघन करता है, तो बैंक पर भारी जुर्माना लग सकता है।

**बैंक कर्मचारी अब जबरदस्ती नहीं बेच पाएंगे इंश्योरेंस-** जब कोई ग्राहक बैंक में एफडी कराने या लोन लेने जाता है, तो बैंक कर्मचारी उसे लुभावने वादे करके कोई इंश्योरेंस पॉलिसी या इन्वेस्टमेंट प्लान बेच देते हैं। बाद में पता चलता है कि वह प्रोडक्ट ग्राहक के लिए फायदेमंद ही नहीं था। इसे ही 'मिस-सेलिंग' कहते हैं।



**सीनियर सिटीजन के लिए एक्स्ट्रा सिक्योरिटी**

- ऑनलाइन फ्रॉड से सबसे ज्यादा बुजुर्ग प्रभावित होते हैं। इसे देखते हुए आरबीआई एक डिस्कशन पेपर ला रहा है, जिसमें डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा बढ़ाने के सुझाव मांगे जाएंगे।
- इसमें बुजुर्गों या कम जागरूक यूजर्स के लिए 'एडिशनल ऑथेंटिकेशन' और 'लैग्ड क्रेडिट' (पैसे ट्रांसफर होने में थोड़ी देरी) जैसे विकल्प शामिल हो सकते हैं, ताकि फ्रॉड होने पर उसे तुरंत रोका जा सके।

**ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं, रेपो रेट 5.25% पर बरकरार**

- आरबीआई ने इस बार भी अपनी मुख्य ब्याज दर यानी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। यह 5.25% पर बनी हुई है। हालांकि, गवर्नर ने संकेत दिया कि महंगाई को काबू में रखना उनकी प्राथमिकता है। ब्याज दरें स्थिर रहने का मतलब है कि फिलहाल आपकी होम लोन या कार लोन की ईएमआई नहीं बढ़ेगी।

आरबीआई अब इसके लिए सख्त गाइडलाइंस तय कर रहा है। बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे ग्राहकों को वही प्रोडक्ट बेचें जो उनकी जरूरत और रिस्क लेने की क्षमता के अनुसार हो।

**डिजिटल फ्रॉड पर 25,000 तक का मुआवजा-** डिजिटल पेमेंट करने वाले यूजर्स के लिए भी बड़ी घोषणा की गई है। प्रस्ताव दिया है कि छोटे वैल्यू के अनऑथराइज्ड डिजिटल ट्रांजेक्शन (धोखाधड़ी) होने पर ग्राहकों को 25,000 तक का मुआवजा दिया जा सकता है।

इसके लिए एक नया फ्रेमवर्क तैयार किया जा रहा है। इसका मतलब है कि अगर आपके खाते से धोखे से पैसे कटते हैं और आप समय पर इसकी जानकारी देते हैं, तो बैंक को आपके नुकसान की भरपाई करनी होगी।

बीएचईएल में

## पांच फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

### टाइटन का मुनाफा 61% बढ़कर 1684 करोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (बीएचईएल) में पांच फीसदी तक हिस्सेदारी बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये बेचेगी। इसके लिए न्यूनतम मूल्य 254 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। निर्गम बुधवार को गैर-खुदरा निवेशकों के लिए खुलेगा। खुदरा निवेशक गुरुवार को बोली लगा सकेंगे। निर्गम के पूरी तरह सब्सक्राइब होने पर 17.41 करोड़ शेयरों यानी पांच फीसदी हिस्सा बिकने सरकार को 4,422 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे।

**एलआईसी एमएफ ने खोली पहली महिला केंद्रित शाखा-** एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट ने देश में अपनी पहली महिला केंद्रित शाखा खोली है। दक्षिण दिल्ली में खोली गई इस शाखा के साथ यह देश की पहली परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी बन गई है, जिसने म्यूचुअल फंड निवेश में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के मकसद से यह कदम उठाया है। एलआईसी प्रायोजित कंपनी ने कहा, पहल का मकसद महिलाओं को अधिक वित्तीय जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

**म्यूचुअल फंडः एनएसई और डाक विभाग में करार-** डाक विभाग और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने मंगलवार को एनएसई एमएफ इन्वेस्ट मंच के जरिये म्यूचुअल फंड तक पहुंच बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। डाक विभाग और एनएसई ने संयुक्त बयान में कहा, इस सहयोग का मकसद ग्रामीण और छोटे शहरों के लाखों भारतीयों की छोटी बचत को उत्पादक म्यूचुअल फंड निवेश में बदलकर उसे स्थायी संपत्ति बनाना है।

**टाइटन का मुनाफा 61% बढ़कर 1,684 करोड़-** टाइटन का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 60.84 फीसदी बढ़कर 1,684 करोड़ रुपये हो गया।?इसमें घरेलू आभूषण व्यवसाय का योगदान रहा। कंपनी ने कहा, दिसंबर तिमाही में बिक्री 42 फीसदी बढ़कर 24,915 करोड़ रुपये हो गई।

भारत-अमेरिका ट्रेड डीलः 'ऊर्जा सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

# किसानों के हितों पर आंच नहीं, सरकार ने साफ की स्थिति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ डील के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ऊर्जा सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार की यह टिप्पणी इसलिए अहम है क्योंकि अमेरिका भारत पर डील से पहले लगातार रूसी तेल खरीदारी से पीछे हटने का दबाव बना रहा था। पढ़ें पूरा मामला।

भारत और अमेरिका के बीच 45 लाख करोड़ रुपये की व्यापारिक डील के बाद केंद्र सरकार ने इसे ऐतिहासिक बताया है। जहां एक ओर विपक्ष इस समझौते को किसानों के लिए नुकसानदेह बता रहा है, वहीं सरकार ने दो टूक कहा है कि न तो कृषि क्षेत्र के हितों से समझौता किया गया है और न ही देश की ऊर्जा सुरक्षा पर कोई आंच आने दी जाएगी। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बाद विदेश मंत्रालय और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अलग-अलग बयानों में सरकार की स्थिति साफ की है।

**ऊर्जा सुरक्षा के मामले में 140 करोड़ भारतीयों की जरूरतें सर्वोपरि -** अमेरिका से डील के बाद वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से जब ये पूछा गया कि क्या ट्रंप से डील के लिए भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, तो उन्होंने कहा कि इस सवाल का जवाब विदेश मंत्रालय देगा। अब विदेश मंत्रालय ने ऊर्जा खरीद को लेकर भारत की रणनीति पर स्थिति साफ की है। वैश्विक अनिश्चितताओं और बदलती अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता के बीच, मंत्रालय ने कहा है कि हम 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

एमईए ने अपने बयान में कहा, ?बाजार की वस्तुनिष्ठ स्थितियों और विकसित होती अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता को ध्यान में रखते हुए हमारे ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति के मूल में है। इसका सीधा अर्थ है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए किसी एक देश पर निर्भर नहीं रहेगा और जहां भी देशहित में बेहतर विकल्प मिलेगा, वहां से ऊर्जा संसाधन खरीदेगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब वैश्विक स्तर पर ऊर्जा व्यापार के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं।



### किसानों का हित पूरी तरह सुरक्षित

शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारतीय किसानों को बर्बाद कर देगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस समझौते के तहत भारतीय किसानों के हितों को पूरी तरह से सुरक्षित रखा गया है। चौहान का यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि व्यापार वार्ता में अक्सर अमेरिका की ओर से डेयरी और अनाज जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बाजार पहुंच की मांग की जाती रही है। कृषि मंत्री के बयान से यह संकेत मिलता है कि भारत ने अपनी 'रेड लाइन्स' नहीं लांघी हैं। सरकार का यह स्पष्टीकरण उन चिंताओं को दूर करने की कोशिश है कि अमेरिकी कृषि उत्पादों की डंपिंग से भारतीय किसानों की आजीविका प्रभावित हो सकती है। विपक्षी दल लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि अमेरिका के साथ जल्दबाजी में किया गया कोई भी समझौता भारत के घरेलू उद्योगों, विशेषकर कृषि और एमएसएमई लिए घातक हो सकता है।

एसबीआई ने रचा इतिहास

# मुनाफा 21,000 करोड़ के पार

## एसेट क्वालिटी में जबरदस्त सुधार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एसबीआई का मुनाफा रिकॉर्ड 21,028 करोड़ पर पहुंचा। एसेट क्वालिटी सुधरी, लेकिन प्रोविजनिंग बढ़ी। जानें चेयरमैन सीएस सेट्टी का बयान और नतीजों का पूरा विश्लेषण।

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने शनिवार को वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित कर दिए हैं। बैंक ने बाजार की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अब तक का सबसे अधिक त्रैमासिक स्टैंडअलोन मुनाफा दर्ज किया है। ऊंचे प्रोविजनिंग बफर और ब्याज आय में वृद्धि के दम पर बैंक की बैलेंस शीट पहले से और मजबूत हुई है।

**रिकॉर्ड तोड़ मुनाफा और ब्याज आय में वृद्धि-** एसबीआई ने दिसंबर तिमाही में 21,028 करोड़ का स्टैंडअलोन शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है, जो बैंक के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक है। वहीं, समेकित आधार पर बैंक का मुनाफा 13.06 प्रतिशत बढ़कर 1,317 करोड़ हो गया है।

बैंक की कमाई का मुख्य जरिया, यानी नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई), सालाना आधार पर 9.04 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 41,446 करोड़ थी। यह वृद्धि 15.14 प्रतिशत की मजबूत लोन ग्रोथ के कारण संभव हो सकी है, हालांकि घरेलू नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) में 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई और यह 3.12 प्रतिशत पर आ गया।

बैंक की एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर अच्छी खबर है। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात 31 दिसंबर, 2025 तक घटकर 1.57 प्रतिशत हो गया है, जो सितंबर तिमाही में 1.73 प्रतिशत था। हालांकि, बैंक ने सतर्कता बरतते हुए प्रोविजनिंग में भारी बढ़ोतरी की है। इस तिमाही में कुल प्रोविजन 4,507 करोड़ रहे, जो पिछले साल की इसी तिमाही में मात्र 911 करोड़ थे। वहीं, नए स्लिपेज (नए फंसे कर्ज) का आंकड़ा बढ़कर 4,458 करोड़ हो गया, जो पिछले वर्ष 3,823 करोड़ था।

## उमर बोले-अमरनाथ यात्रा को कश्मीरी मुसलमानों ने आसान बनाया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा को हमेशा कश्मीरी मुसलमानों ने आसान बनाया है और आगे भी बनाते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि यात्रियों को लिए सुविधाएं आर्टिकल 370 के हटने के बाद ही आसान नहीं हुई हैं। कश्मीरियों ने हमेशा तीर्थयात्रियों को अपने कंधों पर उठाकर गुफा तक पहुंचाया है। कश्मीरियों के बिना यात्रा कब मुमकिन हुई है? मंगलवार को जम्मू कश्मीर विधानसभा में सीएम ने साल 2026-27 के लिए राज्य का बजट पेश किया। उन्होंने तीर्थक्षेत्र के विकास के लिए 180 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव रखा।

अब्दुल्ला ने यह बात विपक्ष के नेता सुनील शर्मा के दावे के जवाब में कही। शर्मा ने कहा था कि अमरनाथ यात्रियों के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार का खास नियम अगस्त 2019 में आर्टिकल 370 हटाने के बाद ही मुमकिन हुआ। इससे पहले, 2026-27 के लिए अपना बजट पेश करते हुए, अब्दुल्ला ने सदन को बताया था कि उनकी सरकार दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ मंदिर जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा और आराम पक्का करने के लिए कमिटेड है। उन्होंने कहा कि सालाना तीर्थयात्रा के लिए 2025-26 के दौरान 200 से ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर के काम पूरे किए गए। उन्होंने बताया कि बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन के साथ पार्टनरशिप में तीर्थयात्रा के इंफ्रास्ट्रक्चर को और मॉडर्न बनाने के लिए काम किया जाएगा।


### हर साल 3-5 लाख श्रद्धालु पहुंचते हैं अमरनाथ गुफा

अमरनाथ यात्रा आमतौर पर हर साल जून के अंत या जुलाई की शुरूआत से शुरू होकर अगस्त में रक्षाबंधन तक चलती है। ये लगभग 40-50 दिनों की अवधि होती है। इस दौरान हर साल 3 से 5 लाख से अधिक लोग बाबा बफार्नी के दर्शन करने के लिए पहलगाम और बालटाल के रास्तों से पहुंचते हैं। यात्रा के लिए श्राइन बोर्ड की वेबसाइट या चयनित बैंक शाखाओं के माध्यम से अग्रिम पंजीकरण अनिवार्य है। सुरक्षा के लिए 500 से अधिक अर्धसैनिक बलों की कंपनियां तैनात की जाती है

; 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक है बोर्ड एग्जाम

# सीबीएसई 12वीं की एक करोड़ कॉपियां डिजिटली चैक होंगी: 32 करोड़ पन्ने स्कैन करके अपलोड होंगे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



इस बार सीबीएसई 12वीं के 17 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स की कॉपियां ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से जांची जाएंगी। मतलब ये कि इन्हें डिजिटल तरीके से जांचा जाएगा। सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक होनी है।

इसके लिए हर छात्र की सभी आंसर शीट्स (उत्तरपुस्तिका) के हर पन्ने को परीक्षा केंद्र में ही स्कैन करके कंप्यूटर सिस्टम में अपलोड किया जाएगा। करीब 1 करोड़ कॉपियों के लगभग 32 करोड़ पन्ने स्कैन करके अपलोड होंगे। परीक्षक इन डिजिटल कॉपियों की जांच करके ही नंबर देंगे।

10वीं बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों की चेकिंग पहले की तरह कागज पर ही होगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के मुताबिक इस नई व्यवस्था से उत्तर पुस्तिकाओं के ट्रांसपोर्ट में लगने वाला समय और खर्च बचेगा।

शिक्षक अपने स्कूल में रहते हुए ही मूल्यांकन कर सकेंगे, बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। मूल्यांकन को अधिक पारदर्शी, तेज और गलतीरहित बनाने के मकसद से बोर्ड ने यह प्रणाली लागू करने का फैसला लिया है।

### 7 चरण में जानें होगी ऑनस्क्रीन मार्किंग

पहला चरण: छात्र परीक्षा केंद्र पर पहले की तरह कॉपी में उत्तर लिखेंगे। परीक्षा ऑफलाइन ही होगी। बोर्ड परीक्षा में विषय के हिसाब से 40 पेज, 32 पेज और 20 पेज की कॉपी का इस्तेमाल होता है।

दूसरा चरण: सभी उत्तर पुस्तिकाएं हाई सिक्योरिटी स्कैनिंग सेंटर में स्कैन होंगी। यह स्कूल के कंप्यूटर लैब में ही होगा। हर पेज की डिजिटल इमेज बनेगी। हर कॉपी को यूनिक कोड मिलेगा। कॉपी जांचते समय छात्र का नाम व रोल नंबर नहीं दिखेगा। इससे पक्षपात की संभावना खत्म होगी।

तीसरा चरण: सीबीएसई के स्कूल के टीचर कंप्यूटर लैब में ओएसिस आईडी से ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) पोर्टल पर लॉगइन करेंगे। तब उन्हें पता चलेगा कि आज उन्हें कितनी कॉपियां जांचनी हैं।

चौथा चरण: छात्र की कॉपी के स्कैन किए हुए पेज शिक्षक के सामने आएंगे। हर प्रश्न के लिए एक अलग मार्क्स कॉलम होगा, जिसमें उस प्रश्न के पूर्णांक (कुल मार्क्स) लिखे होंगे। शिक्षक उसमें छात्र के जवाब के हिसाब से जो भी मार्क डालेंगे, वह सिस्टम में अपने आप ह्यसेवह्न हो जाएगा।

पांचवां चरण: जब कॉपी पूरी चेक हो जाएगी तो शिक्षक को अंकों का जोड़-घटाव नहीं करना है। टोटलिंग खुद होगी।

छठा चरण: कुछ कॉपियों को री-चेक या मॉडरेशन के लिए दूसरे वरिष्ठ परीक्षक को भी दिखाया जा सकता है। पूरा ट्रैक रिकॉर्ड सिस्टम में रहेगा कि किस शिक्षक ने कब कितनी देर में कैसे मूल्यांकन किया।

सातवां चरण: यहां से अंक सीधे सीबीएसई के रिजल्ट डेटाबेस में पहुंच जाएंगे यानी कोई मार्क ट्रांसफर, मैनुअल एंट्री और दोबारा सत्यापन की जरूरत नहीं होगी। रिजल्ट तय तारीख पर कम विवाद और ज्यादा भरोसे के साथ घोषित हो सकेंगे।

### कंप्यूटर लैब अनिवार्य, शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी

डिजिटल चैकिंग के लिए स्कूल में कंप्यूटर लैब अनिवार्य है। लेटेस्ट इंटरनेट ब्राउजर, एडोब रीडर, कम से कम 2 एमबीपीएस की स्थिर इंटरनेट स्पीड, निर्बाध बिजली सुनिश्चित करनी होगी।

वहीं, सभी ओएसिस आईडी वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण मिलेगा। कई बार ड्राई रन होंगे। समस्या समाधान के लिए कॉल सेंटर बनाए जा रहे हैं। बोर्ड निदेर्शात्मक वीडियो भी जारी कर रहा है।

## RPSC ने आवेदन फॉर्म में करेक्शन का दिया मौका



राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से पशु चिकित्सा अधिकारी (पशुपालन विभाग) और सहायक कृषि अभियंता (कृषि विभाग) परीक्षा-2025 के आवेदन फॉर्म में करक्शन का मौका दिया है। अभ्यर्थी अपना नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन कर सकेगा।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इन परीक्षाओं का आयोजन 19 अप्रेल 2026 को किया जाएगा। ऑनलाइन संशोधन 11 से 17 फरवरी 2026 तक किए जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### ऑनलाइन संशोधन के लिए शुल्क व प्रक्रिया

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी को ई-मित्र/ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से 500 रुपए का शुल्क जमा कराना होगा। आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन करना होगा।

पेंगुइन का दावा-नरवणे की किताब पब्लिश नहीं हुई: पूर्व सेना प्रमुख ने पब्लिकेशन की पोस्ट शेयर की;

# राहुल बोले- कंपनी झूठ बोल रही या नरवणे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब ह्यफोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी पर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि किताब अभी तक प्रकाशित नहीं हुई। इसका कोई हिस्सा सार्वजनिक नहीं किया गया। कंपनी ने कहा कि पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई कॉपी आई है और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है।

इसके जवाब में राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा- या तो नरवणे झूठ बोल रहे हैं, या पेंगुइन कंपनी। वहीं कंपनी के बयान को पूर्व आर्मी चीफ ने पर रीपोस्ट किया। उन्होंने लिखा- यह है बुक पर स्थिति।

दरअसल, कंपनी की सफाई इसलिए आई क्योंकि किताब की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सकुर्लेशन का दावा सामने आया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने त्रक्रक्र भी दर्ज की है।

यह कार्रवाई अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन न्यूज फोरम पर मिली जानकारी के आधार पर की गई, जिसमें दावा किया गया था कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी सकुर्लेट हो रही है।



**कांग्रेस ने किताब के पन्ने शेयर किए**

कांग्रेस ने एक मैगजीन में पब्लिश आर्टिकल के पेज सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किए। इसमें पूर्व आर्मी चीफ की अनपब्लिश बुक ऋ४१ र३१२ ज्ञ ऊ२३ल्ल८ के अंश हैं। इसमें 31 अगस्त 2020 को लद्दाख सीमा पर भारत-चीन के बीच बने हालात का जिक्र है। बताया जब चीनी टैंक पूर्वी लद्दाख में बढ़ रहे थे तब क्या हुआ? तारीख: 31 अगस्त, 2020 रात 8.15 बजे: भारतीय सेना की नॉर्दर्न कमांड के चीफ लेफ्टिनेंट जनरल योगेश जोशी को फोन पर जानकारी मिली कि चीन की पैदल सेना के समर्थन के साथ चार चीनी टैंक पूर्वी लद्दाख में रेचिन ला की ओर जाती एक खड़ी पहाड़ी पगडंडी पर आगे बढ़ रहे हैं। रात 8.15झ्र8.30 बजे के बीच: लेफ्टिनेंट जनरल योगेश जोशी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे को जानकारी दी। चीनी टैंक कैलाश रेंज पर भारतीय ठिकानों से कुछ सौ मीटर की दूरी पर थे। इसके बाद भारतीय सैनिकों ने चेतावनी के तौर पर एक रोशनी वाला गोला दागा, लेकिन इसका चीनी टैंकों पर कोई असर नहीं हुआ और वे आगे बढ़ते रहे।

राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा के बाहर कहा- एमएम नरवणे ने पर पोस्ट किया है, ह्यहेलो दोस्तों, मेरी किताब अब अवेलेबल है। लिंक फॉलो करें। हैप्पी रीडिंग। या तो एमएम नरवणे झूठ बोल रहे हैं, या पेंगुइन झूठ बोल रहा है। मैंने आर्मी चीफ पर विश्वास करना चुना।

उन्होंने आगे कहा कि क्या आप एमएम नरवणे के बजाय पेंगुइन पर विश्वास करेंगे? किताब में कुछ ऐसी बातें हैं जो सरकार के लिए असुविधाजनक हैं।

### 24 घंटे में पेंगुइन का दूसरा पोस्ट

पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने पर एक पोस्ट में पब्लिश्ड बुक और प्री-ऑर्डर कॉपी के बीच का अंतर बताया। पब्लिशर ने पोस्ट में लिखा कि बुक की प्लानिंग हो चुकी है लेकिन अभी ये बिक्री के उपल्ब्ध नहीं है। बीते 24 घंटे में पब्लिकेशन की तरफ से ये दूसरा पोस्ट है। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया की तरफ से मंगलवार शाम को फिरसे पोस्ट किया गया। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया की तरफ से मंगलवार शाम को फिरसे पोस्ट किया गया।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पर लिखा कि पेंगुइन इंडिया ने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया है, जाहिर है वे भारी दबाव में हैं। पेंगुइन ने जो उचित समझा वो किय, लेकिन चीफ अभी भी सच्चाई के साथ खड़े हैं।

## जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, सेना ने गर्भवती महिला का रेस्क्यू किया:

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मौसम विभाग ने देश के किसी भी राज्य में बुधवार के लिए कोई अलर्ट नहीं जारी किया है। हालांकि, जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी का सिलसिला जारी है और पहाड़ी क्षेत्रों में ठंड बढ़ी हुई है। इसी बीच भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के तंगधार में फंसी एक गर्भवती महिला का रेस्क्यू किया। राजस्थान और मध्य प्रदेश में सुबह-शाम ठंड के बीच दिन का तापमान 30त्ज पार पहुंच रहा है, जबकि मध्य प्रदेश के 11 जिलों में रात का पारा 10त्ज से नीचे रहा। राजस्थान और हरियाणा के कई जिलों में हल्की बारिश और बूंदाबादी हुई। हरियाणा के 13 शहरों में अधिकतम तापमान 25त्ज से ऊपर दर्ज किया गया। पंजाब के लुधियाना और फरीदकोट में न्यूनतम तापमान 8त्ज रहा। राज्य में 16 फरवरी से बारिश की संभावना है। उत्तराखंड के मुनस्यारी में तापमान माइनस 29त्ज तक गिर गया। जबकि गंगोत्री में पारा माइनस 23त्ज रिकार्ड किया गया। इधर, हिमाचल में बुधवार और गुरुवार मौसम साफ रहने का अनुमान है। जबकि 13 और 16 फरवरी को पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान बढ़ने से सर्दी धीरे-धीरे कम हो रही है। जयपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 27.3त्ज पर पहुंच गया। बाड़मेर, पिलानी, चित्तौड़गढ़, बीकानेर और चूरू समेत 7 शहरों में अधिकतम तापमान 30त्ज तक पहुंच गया। इधर बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, झुंझुनूं और सीकर में मंगलवार दोपहर बाद हल्के बादल छाए रहे। चूरू और श्रीगंगानगर में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई।

### स्कूल में कुल 175 स्टूडेंट पढ़ते हैं

# कनाडा के टम्बलर रिज शहर में स्कूल में गोलीबारी, शूटर समेत 10 की मौत: 25 से ज्यादा घायल

### पुलिस बोली- हमलावर के शरीर पर खुद को चोट पहुंचाने के निशान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ओटावा

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज शहर में मंगलवार को एक हाईस्कूल में गोलीबारी हुई। पुलिस के मुताबिक इस घटना में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। अभी तक ये जानकारी नहीं आई है कि मरने वालों में कोई छात्र शामिल है या नहीं। स्कूल को एहतियातन बंद कर दिया गया है।

इलाके के विधायक लैरी न्यूफेल्ड ने बताया कि हालात को काबू में करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और एंबुलेंस की टीमें मौके पर भेजी गईं हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो लोग अपने परिवार वालों को ढूंढने के लिए बाहर निकल आए हैं, वे अपने घर लौट जाएं और वहीं सुरक्षित रहें। सरकारी वेबसाइट के मुताबिक, हादसे वाले टम्बलर रिज सेकेंडरी स्कूल में क्लास 7 से 12 तक के कुल 175 छात्र पढ़ते हैं।

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (फ्फ्टढ) के नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट कमांडर केन फ्लॉयड ने कहा कि हालात तेजी से बदल रहे थे और स्थिति काफी गंभीर थी। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रशासन, इमरजेंसी टीमों और स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस को कार्रवाई करने में मदद मिली।

पुलिस के अनुसार, दोपहर करीब 1 बजकर 20 मिनट (भारतीय समयानुसार रात करीब 2 बजे) पर स्कूल में गोलीबारी की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस स्कूल के अंदर दाखिल हुई। वहां कई लोग घायल और मृत हालत में मिले।

एक व्यक्ति जिसे हमलावर माना जा रहा है वो भी मृत पाया गया। उसके शरीर पर खुद को चोट पहुंचाने के निशान मिले हैं।

### छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया

हमलावर के अलावा छह और लोग स्कूल के अंदर मृत मिले। दो घायलों को गंभीर हालत में हेलीकॉप्टर से अस्पताल भेजा गया। एक अन्य व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। करीब 25 लोगों को हल्की चोटों के साथ स्थानीय मेडिकल सेंटर में इलाज के लिए ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि स्कूल के बाकी सभी छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और मामले की जांच जारी है।

### हादसे वाली जगह पर इमरजेंसी अलर्ट खत्म

ब्रिटिश कोलंबिया की पब्लिक सेफ्टी मंत्री और सॉलिसिटर जनरल नीना क्रिगर ने इस गोलीबारी को 'दिल दहला देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लोगों की मदद के लिए हर संभव मदद करेगी। क्रिगर ने कहा कि फ्फ्टढ ने टम्बलर रिज में जारी इमरजेंसी अलर्ट खत्म कर दिया है। पुलिस का मानना है कि अब कोई अन्य संदिग्ध फरार नहीं है और आम लोगों के लिए कोई खतरा नहीं है। इस बीच, टम्बलर रिज के एलीमेंट्री और सेकेंडरी स्कूलों को इस हफ्ते के लिए बंद करने का फैसला लिया गया है। स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने ऑनलाइन जारी बयान में कहा कि इस दुखद घटना के कारण दोनों स्कूल पूरे हफ्ते बंद रहेंगे।








# रूस बोला- भारत पर हमसे तेल नहीं खरीदने का दबाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत जैसे देशों पर दबाव बना रहा है ताकि वे रूस से सस्ता तेल न खरीदें। लावरोव ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि दुनिया की ऊर्जा सप्लाई उसके कंट्रोल में रहे और देश मजबूर होकर महंगी अमेरिकी गैस खरीदें। उन्होंने यह बातें 9 फरवरी को डिप्लोमैटिक वर्कर्स डे के मौके पर कहीं।

लावरोव ने कहा कि अमेरिका ने डॉलर को हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। रूस की विदेश में रखी संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया है और रूस के खिलाफ लगातार पाबंदियां लगाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात तो करती है, लेकिन जो प्रतिबंध पहले लगाए गए थे, वे अब भी जारी हैं। रूस के मुताबिक, यूक्रेन पर सहमति बनने के बाद भी अमेरिका नए प्रतिबंध लगाता रहा। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका भारत और दूसरे इफ्फ्रर देशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस से दूरी बनाएं। रूस की तेल कंपनियों लुकोइल और रोसनेफ्ट पर रोक लगाई गई है और रूस के व्यापार और निवेश को सीमित करने की कोशिश हो रही है।



## एपस्टीन केस में दलाई लामा को बदनाम करने की साजिश बेनकाब

### 35 लाख पन्नों की जांच में चीनी दावा फेक निकला

चीन ने दलाई लामा की छवि खराब करने के लिए इंटरनेट और डिजिटल प्रोपेगेंडा का सहारा लिया। चीनी सरकारी मीडिया ने अमेरिका के बदनाम अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों का गलत मतलब निकालकर दलाई लामा का नाम उनसे जोड़ने की कोशिश की। लेकिन केंद्रीय तिब्बती प्रशासन ने इन बातों को पूरी तरह झूठा बताया है। उन्होंने अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की जारी की गई एपस्टीन फाइलों को ध्यान से जांचा।

जांच में सामने आया कि फाइलों में दलाई लामा का नाम सिर्फ किसी और के बयान या संदर्भ में आया है। दलाई लामा और एपस्टीन के बीच न तो कभी मुलाकात हुई, न पैसों का कोई लेन-देन हुआ और न ही किसी तरह की बातचीत का कोई सबूत मिला। जब मामला बढ़ा तो दलाई लामा के दफ्तर ने साफ कहा कि दलाई लामा ने कभी जेफ्री एपस्टीन से मुलाकात नहीं की और न ही किसी को उनकी तरफ से उससे बात करने की इजाजत दी।

### शबाना महमूद ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री बन सकती हैं

अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादों के कारण ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। अब उनकी अपनी लेबर पार्टी के एक धड़े ने ही इस्तीफे की मांग कर दी है। हालांकि स्टार्मर अभी पद छोड़ने से इनकार कर रहे हैं। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है।

कश्मीरी मूल की शबाना महमूद ढ्ढ्ढ के मीरपुर से हैं। वह ब्रिटेन की गृह मंत्री बनने वाली पहली मुस्लिम महिला हैं। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री भी होंगी। दरअसल, ब्रिटेन में एपस्टीन फाइल से जुड़े विवाद की वजह से पीएम स्टार्मर के सबसे भरोसेमंद सहयोगी और डाउनिंग स्ट्रीट के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी को इस्तीफा देना पड़ा है। मैकस्वीनी पर आरोप है कि उन्होंने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का समर्थन करने वाले पीटर मंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाकर भेजा था। मैकस्वीनी ने भी माना है कि यह नियुक्ति गलत थी। अमेरिका में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के साथ पीटर मंडेलसन। मंडेलसन पर आरोप है कि जेफ्री एपस्टीन को बच्चों के यौन शोषण के मामलों में सजा होने के बाद भी मंडेलसन उसके संपर्क में रहे और उसका समर्थन किया। अमेरिका में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के साथ पीटर मंडेलसन। मंडेलसन पर आरोप है कि जेफ्री एपस्टीन को बच्चों के यौन शोषण के मामलों में सजा होने के बाद भी मंडेलसन उसके संपर्क में रहे और उसका समर्थन किया। लेबर पार्टी के नियमों के अनुसार, अगर कोई कीर स्टार्मर के खिलाफ चुनौती देना चाहता है, तो इसके लिए कुछ सख्त शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं।


# गुयाना के मंत्री ने हिंदी में भाषण दिया, वीडियो वायरल: विपक्ष को चुनौती दी, बोले- मैं बिना कागज के हिंदी में बहस को तैयार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुयाना

दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना की संसद में भारतीय मूल के मंत्री विकाश रामकिसून का हिंदी में दिया गया भाषण सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। संसद सत्र के दौरान उन्होंने विपक्ष के उस दावे का जवाब हिंदी में दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें हिंदी नहीं आती।

विपक्षी सांसद विष्णु पांडेय ने सदन में टिप्पणी की कि विकाश रामकिसून को हिंदी का एक शब्द भी नहीं आता। इस पर रामकिसून ने स्पीकर से अनुमति ली और कहा कि वे इसी मुद्दे पर हिंदी में जवाब देना चाहते हैं।

इसके बाद उन्होंने हिंदी में बोलते हुए विपक्षी सांसद को खुली चुनौती दी। रामकिसून ने कहा, ह्लमैं अभी इसी वक्त उन्हें चुनौती देता हूं कि किसी भी स्तर पर, किसी भी जगह पर, विषय वे तय करें और मैं बिना कागज देखे हिंदी में बहस करूंगा। मंत्री विकाश रामकिसून के भाषण का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोग देख और शेयर कर रहे हैं। यह वीडियो भारत के उच्चायोग की ओर से गुयाना की राजधानी जॉर्जटाउन से पर पोस्ट किया गया था। इसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया और भारत समेत कई देशों में लोग मंत्री की हिंदी की तारीफ कर रहे हैं।



सोशल मीडिया यूजर्स ने लिखा कि हिंदी को लेकर उठाया गया सवाल अनावश्यक था और मंत्री ने बिना किसी नोट्स के हिंदी में जवाब देकर अपनी भाषा की पकड़ साबित कर दी। विकाश रामकिसून वर्तमान में गुयाना के कृषि मंत्रालय में मंत्री हैं। वे पहले संसद में कृषि मंत्रालय के संसदीय सचिव भी रह चुके हैं।

### गुयाना में भारतीय मूल की 40% आबादी

गुयाना में भारतीय मूल की आबादी बड़ी संख्या में रहती है। कुल आबादी का करीब 40% हिस्सा भारतीय मूल के लोगों का है। यह किसी भी लैटिन अमेरिकी देश में भारतीय प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। गुयाना में भारतीयों की मौजूदगी की शुरुआत 5 मई 1838 से मानी जाती है। इस दिन भारत से 396 गिरमिटिया मजदूरों को ब्रिटिश गुयाना लाया गया था। ये मजदूर मुख्य रूप से उत्तर भारत के अलग-अलग हिस्सों से आए थे और उन्हें गन्ना उद्योग में काम के लिए लाया गया था। इसके बाद करीब एक सदी तक चलती रही गिरमिटिया प्रथा के दौरान हजारों भारतीय यहां बसते चले गए। समय के साथ भारतीय मूल के लोगों ने खेती, व्यापार और मजदूरी से आगे बढ़कर शिक्षा, प्रशासन और राजनीति में भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। आज गुयाना की राजनीति में कई मंत्री, सांसद और बड़े नेता भारतीय मूल से आते हैं। सांस्कृतिक स्तर पर भारतीय समुदाय ने अपनी परंपराओं और भाषाओं को भी सहेज कर रखा है। हिंदी और भोजपुरी जैसी भाषाएं आज भी धार्मिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक आयोजनों और पारिवारिक बातचीत में सुनाई देती हैं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | च | र | ज | ■ | गु | रु | कि |
| ख | ख | ■ | म | ही | ना | ■ | ■ | ना |
| र | ग | र | ■ | न | व | जी | व | न |
| ■ | क | म | ला | ■ | च | ■ | ■ | शी |
| म | ■ | ल | त | ■ | ला | त | ■ | ला |
| जो | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| कश | म | ध | र | ज | ■ | ह | र | ष |
| य | ■ | ■ | ना | कश | ग | ■ | क | ण |
| ना | ट | क | ■ | य | हू | क | ना | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 22 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | ब्रे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | प | अ | सौ | थी | जा | ह | कि | वि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# असम में भारत का सबसे लंबा भूकंपरोधी पुल तैयार

# 100 साल चलेगा, चीन से सटे बॉर्डर इलाकों तक कनेक्टिविटी और मजबूत



**असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर उत्तरी और दक्षिणी गुवाहाटी को जोड़ने वाला पहला 6-लेन एक्स्ट्राडोसेड ब्रिज या ह्यमहासेतुह्व बनकर तैयार है। यह पुल न केवल असम बल्कि देश के लिए भी खास है, क्योंकि यह भारत का सबसे लंबा एक्स्ट्राडोसेड पुल होगा। पुल को भूकंप-रोधी तकनीक से डिजाइन किया गया है और इसकी अनुमानित उम्र 100 वर्ष है। असम का यह क्षेत्र भूकंप जोन-6 में आता है, ऐसे में पुल में विशेष पेंडुलम सिस्टम लगाया है, जो भूकंप के झटकों को सहन कर उन्हें नीचे की ओर स्थानांतरित कर देता है। एक्स्ट्राडोसेड पुल गर्डर और केबल दोनों तकनीक पर आधारित होता है। इससे पारंपरिक पुलों की तुलना में ज्यादा मजबूत और किफायती भी होता है। पुल का निर्माण कार्य करीब 99% पूरा हो गया है। संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने इसका उद्घाटन करेंगे।**

## पुल में विशेष पेंडुलम सिस्टम लगाया



असम में एक्स्ट्राडोसेड पुल बना है। यह गर्डर और केबल दोनों तकनीक पर आधारित होता है।

## जम्मू-कश्मीरः नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च ब्रिज



**पिछले उद्घाटन हुआ था। चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी।**

शुरूआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपए है। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है।

एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा है चिनाब ब्रिज चिनाब नदी पर बने चिनाब ब्रिज की नदी के तल से ऊंचाई 1,315 मीटर है। ये एक आर्क ब्रिज है और एफिल टावर से भी 35 मीटर ऊंचा है। ये दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। चिनाब ब्रिज को रियासी जिले में बक्कल से कौड़ी के बीच बनाया गया है। इसकी लागत 14 सौ करोड़ रुपए है। इस ब्रिज के तेज हवा, ज्यादा तापमान और भूकंप की आशंका से जुड़े टेस्ट किए जा चुके हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इसकी उम्र 120 साल होगी और ये 260 किमी तक की हवाओं को झेलने में सक्षम होगा। 213 किमी/घंटे की हवाओं को झेल लेगा अंजी पुल अंजी ब्रिज 213 किमी/घंटा तक की हवाओं को झेल सकेगा। इस पर ट्रेन 100 किमी/घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेगी। हालांकि अगर 90 किमी/घंटे से ज्यादा की रफ्तार से हवा चलेगी तो ट्रेन रोकनी पड़ेगी। इस पुल की उम्र भी 120 साल होगी। ये 40 किलो विस्फोटक का धमाका झेल सकेगा। इसमें बीच-बीच में सेंसर लगाए जाएंगे जो किसी भी तरह की गड़बड़ी को पकड़ सकेंगे। इसके अलावा भूकम्प में भी इस पुल का कुछ नहीं बिगडेगा।



## तमिलनाडुः एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज

तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज (नए पम्बन ब्रिज) है। 2.08 किमी लंबे ब्रिज की नींव नवंबर 2019 में रखी गई थी। 2025 में इसका उद्घाटन किया गया था। ब्रिज रामेश्वरम (पम्बन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। स्टील से बने नए ब्रिज पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गई है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचाती है।

### नया पम्बन ब्रिज

| 2019 | 2021 | 2024 |
|---|---|---|
| में प्रोजेक्ट मंजूर | तक बनना था | में बनकर तैयार |




## 5 मिनट में ऊपर उठ जाता है ब्रिज

पुराना पम्बन ब्रिज साल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वरम और मंडपम के बीच रेल कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। नया पम्बन ब्रिज 100 स्पैन यानी हिस्सों से मिलकर बनाया गया है। जब समुद्री जहाज को निकलना होता है तो इस नेविगेशन ब्रिज (समुद्री जहाजों के लिए खुलने वाले ब्रिज) का सेंटर स्पैन (बीच वाला हिस्सा) ऊपर उठ जाता है। यह इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम पर काम करता है। इस वजह से इसका सेंटर स्पैन सिर्फ 5 मिनट में 22 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। इसके लिए सिर्फ एक आदमी की जरूरत होगी। वहीं, पुराना पुल कैंटिलीवर पुल था। इसे लीवर के जरिए मैन्युअली खोला जाता था, जिसमें 14 लोगों की जरूरत होती थी। हालांकि समुद्री हवा की गति 58 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा हो जाने पर वर्टिकल सिस्टम काम नहीं करेगा और ऑटोमैटिक रेड सिग्नल हो जाएगा। हवा की गति सामान्य होने तक ट्रेन की आवाजाही बंद रहेगी। ऐसा अक्सर अक्टूबर से फरवरी के बीच होता है। इन महीनों में तेज हवाएं चलती हैं।

■ वर्ष-12 अंक-100 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 11 फरवरी, 2026

### सुभाषितानि

भूमिः कीर्तिः यशो लक्ष्मीः पुरुषं प्रार्थयन्ति हि।
सत्यं समनुवर्तन्ते सत्यमेव भजेत् ततः॥

**भावार्थ** : भूमि, कीर्ति, यश और लक्ष्मी, सत्य का अनुसरण करनेवाले पुरुष की प्रार्थना करते हैं। इस लिए सत्य को ही भजना चाहिए।

## सूत्राणि वदन्ति यत् नूतनप्रौद्योगिकी व्यवस्थायाः कार्यान्वयनेन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

मालवाहनस्य आवागमनस्य निरीक्षणार्थं करस्य अनुपालनं च सुनिश्चित्य ई-मार्गबिलव्यवस्था कार्यान्विता आसीत्, परन्तु व्यवसायाः प्रायः पुनः पुनः निरीक्षणं परिवहनविलम्बेन च समस्यानां सामनां कुर्वन्ति अधुना प्रौद्योगिक्याः उत्तमप्रयोगेन एतां व्यवस्थां चतुरतरं, निर्विघ्नं च कर्तुं सर्वकारः योजनां कुर्वन् अस्ति। सूत्राणि वदन्ति यत् नूतनप्रौद्योगिकीव्यवस्थायाः कार्यान्वयनेन रसदव्ययस्य न्यूनीकरणे साहाय्यं कर्तुं शक्यते। अनावश्यकपरीक्षाणां न्यूनीकरणेन मालवाहनविलम्बस्य च कारणेन परिवहनक्षेत्रे व्यापारिकक्रियाकलापाः च वर्धन्ते इति अपेक्षा अस्ति। एतेन विशेषतया अन्तरराज्यव्यापारस्य सुव्यवस्थितीकरणे साहाय्यं कर्तुं शक्यते। जीएसटी परिषद् अन्तरराज्यव्यापारकाले बाधाः न्यूनीकर्तुं उपायान् अपि विचारयितुं शक्नोति।

सत्यहीना वृथा पूजा सत्यहीनो वृथा जपः।
सत्यहीनं तपो व्यर्थमूषरे वपनं यथा॥

**भावार्थ** : उज्जड़ जमीन में बीज बोना जैसे व्यर्थ है, वैसे बिना सत्य की पूजा, जप और तप भी व्यर्थ है।

## सम्पादकीयम्

### संघीयव्यवस्थायां

पूर्वविक्रयणस्य सशक्तः आरम्भः १० कोटिरूप्यकाणां लॉटरी जित्वा ढोलः ध्वनितवान् पृथ्वीकुमारः कः तस्य भाग्यं विराजते उदरं प्रफुल्लितम् आसीत्, वर्षद्वयं यावत् गैस-औषधं सेवते स्म, परन्तु शल्यक्रियायां १०.४ किलोग्रामभारस्य विश्वस्य बृहत्तमः अर्बुदः ज्ञातः सिरसा इत्यस्य भाग्यस्य एकः दरिद्रः चालकः रात्रौ एव परिवर्तितः, पञ्जाब-लटरी-क्रीडायां १० कोटिरूप्यकाणां बम्पर-पुरस्कारं प्राप्तवान् व्यवधानं न सम्यक। संविधाने परम्परायाश्च द्वयोः कथनमस्ति यत् राज्यपालेन राज्यमन्त्रिमण्डलेन अनुमोदितं भाषणं दातव्यम् इति। एतत् भाषणं राज्यपालस्य व्यक्तिगतं मतं न, अपितु निर्वाचितसर्वकारस्य नीतीनां आधिकारिकदस्तावेजम् अस्ति। संविधानानुसारं राज्यपालः मन्त्रिमण्डलस्य सल्लाहेन कार्यं करोति। सः सम्बोधनद्वारा स्वस्य व्यक्तिगतं मतं असहमतिं वा प्रकटयितुं न शक्नोति। कार्यालयस्य गौरवम्। देशस्य संघीयव्यवस्थायां राज्यपालस्य स्थितिः संवैधानिकशिष्टाचारस्य पालनेन अधिकं बाध्यते। सः संविधानस्य रक्षकत्वेन कार्यं कर्तुं अपेक्षितः, तस्य किमपि कार्यं राजनैतिकं न भविष्यति। सम्बोधने प्रथमवारं आक्षेपाः न उत्थापिताः। परन्तु कार्यालयस्य गौरवं तस्मिन् समये राज्यपालेन स्वकर्तव्यं कर्तव्यमिति निर्दिशति। सदने स्थित्वा सम्बोधनं पठितुं नकारयित्वा राज्यपालस्य भूमिकायाः राजनैतिकः स्वरः प्राप्यते। संतुलनस्य आवश्यकता वर्तते। एतयोः घटनायोः पृथक् पृथक् द्रष्टुं न शक्यते। ननु येषु राज्येषु विपक्षदलानां सत्ता वर्तते तेषु राज्यपालेन सह सङ्घर्षः सामान्यः अभवत्।

**कर्नाटक-सीआईडी साइबर-धोखाधड़ी-विरुद्धं प्रमुखं कार्यवाही करोति**

# ४२,००० तः अधिकानि खच्चर-बैङ्क-खातानि उद्घाटयति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेङ्गलूरु

देशे सर्वत्र तीव्रगत्या वर्धमानस्य ऑनलाइन-धोखाधडस्य विरुद्धं कर्नाटक-पुलिसः महतीं सफलतां प्राप्तवान्। साइबर-अपराधस्य विरुद्धं विशाल-दमन-कार्यक्रमे राज्यस्य सीआईडी-संस्थायाः ४२,००० तः अधिकाः खच्चर-बैङ्क-खाताः उद्घाटिताः येषां उपयोगः बृहत्-परिमाणेन ऑनलाइन-निवेश-घोटाले, डिजिटल-धोखाधड़ी-कृते च क्रियमाणः आसीत्। अन्वेषणसंस्थाः अपि अनेके नकली एप्-सञ्चालकाः, साइबर-समूहस्य मास्टरमाइण्ड्-जनाः च गृहीतवन्तः।

कर्नाटक-सीआइडी-संस्थायाः एषा कार्यवाही दुबई-नगरस्य कथितस्य साइबर-अपराधस्य राजा प्रेम तनेजा-सम्बद्धस्य प्रमुखस्य निवेश-घोटालस्य प्रकटीकरणानन्तरं आरब्धा प्रेम तनेजा इत्यस्य उपरि पूर्वं आईपीएल-क्रीडा-निर्धारणस्य आरोपः आसीत्, सः सम्प्रति दुबई-नगरे निवसति । प्रारम्भिक अन्वेषणकाले पुलिसैः मोहम्मद उजैफ, तस्य माता शबाना च गृहीतौ, ये गणस्य मध्यस्थरूपेण कार्यं कुर्वन्ति स्म।

अन्वेषणकाले पुलिसैः ज्ञातं यत् साइबर-जालसाधकाः बहूनां दरिद्र-श्रमिकाणां, बेरोजगार-व्यक्तिनां, आर्थिकदृष्ट्या दुर्बल-वर्गस्य च नाम्ना बैंक-खाताः उद्घाटयन्ति स्म एते लेखाः वास्तविकलेखाधारकाणां ज्ञानं विना एव संचालिताः आसन्। खच्चरलेखाः इति प्रसिद्धाः एते खाताः अवैधधनव्यवहाराय, स्थानान्तरणाय च उपयुज्यन्ते।

बेङ्गलूरुपुलिसः प्रारम्भे प्रायः २५०० शङ्कितानां खच्चरलेखानां ज्ञापनं कृतवान्। ततः प्रकरणं राज्यस्य सीआईडी-साइबर-कमाण्ड्-केन्द्रे समर्पितं। सीआईडी इत्यनेन राज्यव्यापीं कार्यं कृतम्, केवलं २० दिवसेषु एव एतादृशानां ४२,००० तः अधिकानां खातानां आविष्कारः कृतः, यत्र महती धनराशिः व्यवहारः भवति स्म, खाताधारकाणां परिचयः अपि अस्पष्टः आसीत्।

अस्मिन् कार्यकाले सीआइडी तत्क्षणमेव १५८ शङ्कितानि खातानि निष्क्रियं कृतवती। अन्वेषणेन एतदपि ज्ञातं यत् प्रेम तनेजा इत्यस्य जालपुटेन सह सम्बद्धाः अनेकाः नकली गेमिङ्ग-निवेश-एप्स् उच्चलाभस्य प्रतिज्ञां कृत्वा जनान् लोभयन्ति स्म तदतिरिक्तं अन्ये अपि कतिपयानि एप्स् पुलिसैः आविष्कृतानि ये निवेशस्य नामधेयेन जनान् वञ्चयन्ति स्म। अस्मिन् जालपुटे सम्बद्धाः कुलम् ११ व्यक्तिः अन्वेषणसंस्थाः पूर्वमेव गृहीतवन्तः सन्ति। विभिन्नेषु ऑनलाइन-धोखाधड़ीषु सम्बद्धाः अन्ये त्रयोदश मास्टरमाइण्ड् अपि गृहीताः सन्ति।

**यूपी बोर्डस्य एतत् कदमः**

## देशस्य अन्येभ्यः प्रतिष्ठितपरीक्षाभ्यः प्रेरितम् इति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अपि च २०२४ तमे वर्षात् आरभ्य मुख्यालये पञ्च क्षेत्रीयकार्यालयेषु च २४ घण्टाः प्रश्नपत्रप्रक्रियाकालापस्य निरीक्षणार्थं कमाण्ड-नियन्त्रणकेन्द्राणि स्थापितानि सन्ति निष्पक्षं पारदर्शकं च परीक्षां सुनिश्चित्य छात्राणां कृते सिले उत्तरपत्राणां व्यवस्था अपि निरन्तरं भविष्यति इति बोर्डस्य अधिकारिणः वदन्ति। अस्याः प्रणाल्याः उद्देश्यं उत्तरपत्रेषु छेदनस्य सम्भावनायाः निवारणं भवति। परीक्षाकेन्द्रेषु सीसीटीवी-कैमराणि स्थापितानि भविष्यन्ति, परीक्षाप्रक्रियायाः पूर्णनियन्त्रणं सुरक्षां च सुनिश्चित्य उड्डयनदलानां स्थापनं भविष्यति।

यूपी बोर्डस्य एतत् कदमः देशस्य अन्येभ्यः प्रतिष्ठितपरीक्षाभ्यः प्रेरितम् इति मन्यते। संघलोकसेवाआयोगेन पूर्वमेव अनेकेषु महत्त्वपूर्णेषु परीक्षासु जॅमरस्य उपयोगः कृतः अस्ति, यत्र सिविलसेवापरीक्षा अपि अस्ति। कर्मचारीचयनआयोगेन सङ्गणकाधारितपरीक्षासु अपि जैमरस्य उपयोगः कृतः अस्ति। यदि एषः प्रयोगः सफलः भवति तर्हि भविष्ये राज्यस्य अन्येषु परीक्षाकेन्द्रेषु जॅम-इत्यस्य स्थापना भवितुमर्हति इति बोर्डस्य मतम्।

परीक्षासूचीनुसारम् अस्मिन् वर्षे उच्चविद्यालयस्य मध्यवर्तीपरीक्षाणां च १५ कार्यदिनेषु भविष्यति। परीक्षाकेन्द्रेषु सुरक्षाव्यवस्थायाः सङ्गमेन छात्राणां कृते आरामदायकं वातावरणं प्रदातुं बोर्डेन अपि बलं दत्तं यत् ते किमपि तनावं दबावं वा विना परीक्षां दातुं शक्नुवन्ति। शिक्षाविभागस्य कथनमस्ति यत् तकनीकीसुरक्षाव्यवस्थायाः प्राथमिकं उद्देश्यं छात्राणां हितस्य रक्षणं, कर्मठछात्राणां कृते न्यायपूर्णावकाशान् प्रदातुं च भवति।

## राशिफल

**मेष** : अपने करियर के लक्ष्यों पर ध्यान दें, पैसों को स्मार्ट तरीके से मैनेज करें और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**वृषभ** : आज आपको शांति पाने के लिए किसी से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। अपनी शक्तियों का सही इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मिथुन** : अपनी डाइट पर ध्यान दें। रिलेशनशिप वालों को आज एक दूसरे को समझने की कोशिश करनी चाहिए।

**कर्क** : खुद को पॉजिटिव बनाए रखें। आज की चुनौतियों और अवसरों को पार करने में आपकी स्किल्स मददगार साबित होंगी।

**सिंह** : सीखने और एक साथ आगे बढ़ने के अवसरों को अपनाएं। खर्चों को कंट्रोल में रखें।

**कन्या** : नया कनेक्शन भी बन सकता है। कॉन्फिडेंस के साथ कदम उठाएं। आज आपका समझदारी वाला पक्ष सामने आएगा।

**तुला** : सेहत पर गौर करें। आम तौर पर आप अपनी भावनाओं को अंदर ही अंदर दबा लेते हैं, लेकिन यह सही नहीं है।

**वृश्चिक** : बेहतर रिजल्ट के लिए अपनी योजनाओं में बदलाव करने के लिए तैयार रहें। आज आपके लिए स्पष्टता और खोज का होगा।

**धनु** : आप शांति या आराम में रहना पसंद करेंगे। खुद की देखभाल की जरूरत को भी समझेंगे।

**मकर** : पुरानी यादों को भुलाकर वर्तमान को अपनाना बेहद जरूरी है। शांत रहना कमजोरी नहीं है, बल्कि यह समझदारी है।

**कुंभ** : चाहे काम का मामला हो या पर्सनल , आप अपनी सच्चाई बताएंगे। अपनी सच्चाई बोलने से आपको राहत मिलेगी।

**मीन** : नए अवसरों के लिए खुद को पॉजिटिव रखें। खुद को हेल्दी रखने के लिए जंक फूड्स का ज्यादा सेवन करने से बचें।

卐 卐 卐 **ज्योतिष/वास्तु** 卐 卐 卐

# महाशिवरात्रि पर मेष से लेकर मीन राशि वाले शिवलिंग पर अर्पित करें ये चीजें, हर कामना होगी पूर्ण

माना जाता है महाशिवरात्रि पर यदि राशि के अनुसार शिवलिंग पर पूजन सामग्री चढ़ाई जाए, तो इसका फल और भी अधिक शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं, राशि अनुसार शिवलिंग पर क्या अर्पित करना लाभकारी होता है।

साल 2026 में महाशिवरात्रि का पवित्र पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। इस विशेष दिन शिव भक्त व्रत, पूजा-पाठ और दान-पुण्य के माध्यम से भगवान शिव की आराधना करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर विशेष वस्तुएं अर्पित करने से भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। यदि राशि के अनुसार शिवलिंग पर पूजन सामग्री चढ़ाई जाए,



तो इसका फल और भी अधिक शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं, राशि अनुसार शिवलिंग पर क्या अर्पित करना लाभकारी होता है।

**मेष और वृश्चिक राशि-** मेष और वृश्चिक राशि के स्वामी ग्रह मंगल हैं। इन राशियों के जातकों को महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर बेलपत्र, शहद और लाल चंदन अर्पित करना चाहिए। ऐसा करने से साहस, ऊर्जा और सकारात्मकता में वृद्धि होती है।

**वृषभ और तुला राशि-** शुक्र ग्रह द्वारा शासित वृषभ और तुला राशि के लोगों के लिए दही, चमेली के फूल, मिश्री और सुगंधित इत्र शिवलिंग पर अर्पित करना शुभ माना जाता है। इससे जीवन में चल रही परेशानियां कम होती हैं और सुख-सौभाग्य बढ़ता है।

**मिथुन और कन्या राशि-** मिथुन और कन्या राशि के स्वामी बुध ग्रह हैं। इन राशियों के जातकों को हरी दुर्वा, भांग, धतूरा और गन्ने का रस शिवलिंग पर चढ़ाना चाहिए। इससे मानसिक अस्थिरता दूर होती है और एकाग्रता बढ़ती है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के जातकों के लिए महाशिवरात्रि अत्यंत शुभ मानी जाती है, क्योंकि चंद्रमा स्वयं भगवान शिव को प्रिय हैं। इस दिन दूध, सफेद फूल और दही अर्पित करने से मानसिक शांति मिलती है और जीवन के कष्ट दूर होते हैं।

**सिंह राशि-** सिंह राशि सूर्य ग्रह से जुड़ी होती है। इस राशि के लोगों को गुड़ मिला जल और बेलपत्र शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। इससे आत्मविश्वास मजबूत होता है और मान-सम्मान में वृद्धि होती है।

**धनु और मीन राशि-** गुरु ग्रह के अधीन आने वाली धनु और मीन राशि के जातक केसर, चने की दाल, बेसन की मिठाई और दूध शिवलिंग पर अर्पित कर सकते हैं। ऐसा करने से ज्ञान, विवेक और भाग्य का सहयोग प्राप्त होता है।

**मकर और कुंभ राशि-** शनि ग्रह द्वारा शासित मकर और कुंभ राशि के लोगों को काले तिल, भांग, धतूरा और शमी पत्र शिवलिंग पर चढ़ाने चाहिए। इससे भगवान शिव के साथ-साथ शनि देव की कृपा भी प्राप्त होती है।

## खबर एक नजर...

### गिरफ्त में चाकू की नोंक पर युवती से छेड़छाड़ करने वाला

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती को अकेला पाकर क्षेत्र का रहने वाला बदमाश धर्मेन्द्र पिता मोहनलाल जाट 7 फरवरी की शाम घर में घुस गया और बुरी नियत से पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। युवती ने विरोध किया तो बदमाश ने चाकू निकाल लिया और युवती को अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगा। वह युवती को हाथ पकड़कर घर के बाहर तक ले आया, तभी शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हुए तो बदमाश भाग निकला। युवती ने भाई के साथ पहुंचक मामले की शिकायत इंगोरिया थाना पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ धारा 74, 115 (2), 351 (3), 333 का मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि बदमाश की तलाश के लिये एएसआई दिनेश निनामा, प्रधान आरक्षक राजेन्द्रसिंह, सरदारसिंह खरते, आरक्षक दिलीपसिंह राणा की टीम बनाई। बदमाश गांव छोड़कर भाग निकला था, इसी बीच मंगलवार सुबह खबर मिली कि बदमाश अपने घर की ओर आ रहा है। पुलिस टीम ने उसकी घेराबंदी की और गिफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार बदमाश धर्मेन्द्र के खिलाफ पूर्व में पांच अपराधिक मामले दर्ज है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 479-0 | 244-0 |
| मेन बाजार | 134-8 | 389-0 |
| मिलन डे | 249-5 | 148-3 |
| मिलन नाइट | 250-7 | 480 -2 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 |

### बाथरूम में शव पटककर मक्सी भाग निकला था पिता

# पुत्र ने थप्पड़ मारा तो गला दबाकर कर दी हत्या

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शराबी पिता से विवाद होने पर पुत्र ने थप्पड़ मार दिया। रात में पिता ने कमरे में आकर पुत्र का गला दबा दिया और हत्या कर दी। लाश को बाथरूम में छुपाकर सुबह पिता भाग निकला। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर चंद घंटो में मक्सी के पास से हिरासत में ले लिया।

मामला पंवासा थाना क्षेत्र के रघुनंदन मैरिज गार्डन के पीछा का सामने आया है। यहां रहने वाला रायसिंह सोलंकी मिस्त्री का काम करता है और शराब पीने का आदी है। उसका पुत्र विशाल भी मिस्त्रीगिरी करता था। रायसिंह आये दिन शराब के नशे में घर लौटकर पत्नी सावित्री से विवाद करता था। सोमवार रात भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। पुत्र विशाल ने हस्तक्षेप किया और पिता को थप्पड़ मार दिया। विवाद के चलते पत्नी घर से निकल गई और समीप रहने वाले रिश्तेदार के यहां चली गई। बड़ा पुत्र सागर भी अपने कमरे में जाकर सो गया। विवाद के बाद विशाल भी कमरे में चला गया। मंगलवार सुबह सागर नींद से जगा। सावित्री भी घर लौट आई, लेकिन विशाल दिखाई नहीं दिया। भाई सागर ने कमरे में देखा, वहां भी नजर नहीं आया। उसने पिता रायसिंह से पूछा विशाल कहा है। रायसिंह ने बाथरूम का दरवाजा खोलकर दिखाया। जहां विशाल अचेत अवस्था में पड़ा था। सागर ने पिता पर मारने का आरोप लगाया तो रायसिंह घर से भाग निकला। विशाल के सिर में चोंट लगी थी और गले पर दबाने के साथ नाखून के निशान थे। मामले की सूचना पंवासा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा। जहां शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करना सामने आया। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर घर से भाग पिता की तलाश शुरू की और कुछ घंटो बाद उसे हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि पुत्र की हत्या करने वाले शराबी पिता ने पूछताछ में गला दबाना कबूल कर लिया है। हत्या के मामले में आरोपी पिता को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।



#### कमरे में जाकर दबाया था गला

बताया जा रहा है कि पुलिस पूछताछ में पुत्र की हत्या करने वाले पिता ने कबूल किया कि विवाद होने पर पुत्र ने मारा था। जब पत्नी घर से चली गई और बड़ा पुत्र सागर अपने कमरे में चला गया तो मामला शांत हो गया था। विशाल भी अपने कमरे में सोने चला गया था, रात में वह उठकर विशाल के कमरे में गया और गला दबा दिया। उसकी आवाज नहीं निकल पाई और मर गया। उसके बाद शव को बाथरूम में पटक कर अपने कमरे में आ गया।

#### पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर पकड़ा

विशाल की लाश बाथरूम में मिलने पर मां और बड़े भाई ने पिता पर हत्या की आशंका जताई और पुलिस को बुलाने की बात कहीं तो रायसिंह ने बरगलाने का प्रयास किया और हार्ट अटैक से मौत होने की बात कहीं। भाई सागर ने पुलिस को सूचना दी तो पिता रायसिंह घर से भाग निकला। पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस की तो मक्सी के पास झोंकर की होना सामने आई। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

### शराब के नशे में विवाद होने पर युवक को मारे चाकू

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाकाल मंदिर के पास फूल प्रसाद की दुकान लगाने वाला दीपक पिता सुरेश माली निवासी अखंड महाकाल कालोनी अजय पिता तेजकरण माली निवासी भैरूनाला इमलीपुरा और आकाश पिता करणसिंह माली निवासी जयसिंहपुरा के साथ गरोठ मार्ग अंग्रेजी शराब दुकान पर सोमवार रात पहुंचा था। तीनों ने शराब खरीदी और ब्रिज के नीचे बैठकर पीने लगे। जहां फूल प्रसाद की दुकान लगाने की बात पर उनके बीच विवाद हो गया। दीपक ने अजय और आकाश के साथ मारपीट कर दी। वहीं अजय और आकाश ने चाकू निकालकर दीपक पर हमला कर दिया। सिर में चाकू लगने पर दीपक घायल हो गया। शराब दुकान के पास चाकूबाजी की खबर मिलते ही चिमनगंज थाना पुलिस पहुंची और घायल दीपक को अस्पताल पहुंचाया। मामले में घायल की शिकायत पर अजय और आकाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया, वहीं अजय की शिकायत पर दीपक के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच में लिया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com